www.tamsasanket.com

वर्षः 30 || अंक 36 || अम्बेडकरनगर

सोमवार

27 अप्रैल 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:32
सूर्यास्तः 06:36
अधिकतमः 42°00
न्यूनतमः 28°00



पेज 07

विशेष समाचार | सम्मान और स्वावलंबन का... » पेज 04 | महिला को घर से खींच ले गया... » पेज 06 | पंजाब किंग्स की जीत पर...





# गुंडे पंचर की दुकान लगाएंगे : योगी

## योगी ने परेड में महिला जवानों की सलामी ली, यूपी पुलिस को 60 हजार सिपाही मिले

**संबोधन**

- यूपीः सिपाही पासिंग आउट परेड में बोले सीएम योगी, प्रदेश में खत्म हुआ माफियाराज अब यहां नहीं होते दंगे
- 'अपराधियों के लिए कठोर और नागरिकों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए'
- योगी बोले- यूपी पुलिस में महिलाओं की भागीदारी 13 से बढ़कर 36 प्रतिशत हुई
- सीएम ने कहा- पहले पुलिस बैरकों की स्थिति जर्जर थी

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। यूपी पुलिस को आज से 60,244 नए सिपाही मिल गए हैं। प्रदेशभर के 112 ट्रेनिंग सेंटरों पर पासिंग आउट परेड के बाद जिलों में ये ड्यूटी जॉइन करेंगे। सीएम योगी ने लखनऊ में परेड के दौरान महिला जवानों की सलामी ली। इससे पहले खुली जिप्सी में परेड का निरीक्षण किया था। सीएम ने कॉन्स्टेबल नेहा यादव को बेस्ट कैडेट का खिताब दिया। सीएम ने कहा-यूनिफॉर्म की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासन होता है। प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद में उतना कम खून बहाने की नौबत आएगी। » (शेष पेज 06 पर)



### नागरिकों के लिए संवेदनशील होना चाहिए

सीएम ने प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाली महिला आरक्षियों को बधाई दी और कहा कि सभी ने लगन व अनुशासन के साथ कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अब आप सबको जनपदों की फील्ड ड्यूटी में जाना है। याद रखिए, कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी आरक्षी प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, कौशल व मूल्यों का उपयोग करते हुए निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से यूपी पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

खुली जिप्सी में सीएम ने निरीक्षण किया

### योगी बोले- यूपी में सड़कों पर नमाज नहीं होती, मस्जिदों से आवाज नहीं आती



सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले यूपी पुलिस के सामने चुनौती व संकट था, लेकिन हमने इसे देश के बेहतरीन पुलिस बल के रूप में स्थापित किया। हमने 2.18 लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती और 1 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों का प्रमोशन किया। 2017 में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता महज 3 हजार थी, लेकिन हमने 60244 पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण यूपी के केंद्रों में ही एक साथ संपन्न किया है, जो 9 वर्ष में अर्जित की गई प्रगति को दर्शाता है।

### कई प्रशिक्षण केंद्रों में जाकर देखा, अब बेहतर प्रशिक्षण व सुविधाएं

सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश के 10 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों, 73 जनपदों की पुलिस लाइंस, 29 पीएसी बटालियनों, 112 रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटरों में एक साथ आरक्षी दीक्षांत परेड आयोजित की जा रही है। » (शेष पेज 06 पर)

### 2017 में टूटे-फूटे बैरक थे, अब 55 जनपदों में हाईराइज भवन

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले पुलिस के बैरक टूटे-फूटे, खपड़ैल व टीनशेड के होते थे, लेकिन अब 55 जनपदों में पुलिस कार्मिकों के बैरक व आवासीय सुविधा के हाईराइज भवन दिखाई देते हैं। प्रशिक्षण केंद्र उत्कृष्ट हो रहे हैं। हर प्रशिक्षु को आधारभूत प्रशिक्षण देने के साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

## होमगार्ड-भर्ती परीक्षा देने जा रहे युवक की लखनऊ में मौत

लखनऊ। लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र में आज रविवार सुबह सड़क हादसे में होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने जा रहे युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आज ही मृतक की बहन की विदाई हो रही थी। मृतक की पहचान बाराबंकी जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र स्थित गौरा करौंदी गांव के अनुभव सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह मां-बाप का इकलौता था। अपने चचेरे भाई कुलदीप सिंह के साथ बाइक से रायबरेली परीक्षा देने जा रहा था। सुबह करीब जब वे निगोहां के भगवानपुर गांव के पास पहुंचा, तभी उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनुभव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया।

# फिर पाकिस्तान पहुंचे ईरानी विदेश मंत्री दो दिन में दूसरा दौरा

## पीएम और आर्मी चीफ से मिल शर्तें सौंपी

**मुलाकात**

तमसा संकेत, एजेंसी



- ईरान और फ्रांस के विदेश मंत्रियों ने फोन पर बात की
- ईरान बोला- होर्मुज स्ट्रेट अब पहले जैसा नहीं होगा

तेल अवीव। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची एक बार फिर पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंच गए हैं। यह उनका दो दिन में दूसरा दौरा है। इस दौरान पाकिस्तानी नेताओं के साथ मुलाकात की। इस्लामाबाद में थोड़ी देर रुकने के बाद अराघची रूस के लिए रवाना हुए

इससे पहले उन्होंने शनिवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने ईरान की शर्तें और अमेरिका की मांगों पर अपनी आपत्तियां पाकिस्तान को सौंपी थीं।

ईरान ने साफ किया है कि वह अमेरिका से सीधे बातचीत नहीं करेगा और अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही पहुंचाएगा। » (शेष पेज 06 पर)

# गिरफ्तारी से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पवन खेड़ा

## हिमंत की पत्नी पर लगाए थे गंभीर आरोप

**बचाव**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । गुवाहाटी हाई कोर्ट द्वारा एंटीसिपेटरी बेल की याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत की पत्नी द्वारा एफआईआर मामले में एंटीसिपेटरी बेल के लिए शीर्ष अदालत पहुंचे हैं।

गुवाहाटी हाई कोर्ट द्वारा एंटीसिपे-टरी बेल की याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत की पत्नी



द्वारा एफआईआर मामले में एंटीसि-पेटरी बेल के लिए शीर्ष अदालत पहुंचे हैं। गौरतलब है कि पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि हिमंत की पत्नी रिंकी भुइयां के पास तीन देशों का पासपोर्ट होने का आरोप लगाया था। इसके बाद हिमंत बिस्वा सरमा ने काफी आक्रामक जवाब दिया था। » (शेष पेज 06 पर)

### कांग्रेस ने कहा था हम खेड़ा के साथ

गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद कांग्रेस की प्रतिक्रिया आई थी। शनिवार को पार्टी की तरफ से कहा गया कि वह अपने मीडिया विभाग के प्रमुख के साथ खड़ी है। साथ ही उम्मीद जताई कि उत्पीड़न की राजनीति पर न्याय की जीत होगी। » (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### बिहार में बनकर तैयार हो रहा 6 लेन गंगा पुल

पटना। कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल पर अगले महीने से हाजीपुर-समतीपुर रोड तक फर्राटा भर सकेंगे। अभी इस पुल से राघोपुर तक की संपर्कता है। इस 9.75 किमी लंबे छह लेन पुल के आखिरी सेगमेंट की लॉन्चिंग रविवार को उत्तरी छोर से की गयी।

**कार्यक्रम गंतव्य**

### सीएम योगी ने 17 कंपनियों को दिया कंफर्ट लेटर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब सिर्फ बड़ा बाजार नहीं, बल्कि भरोसेमंद निवेश गंतव्य के रूप में तेजी से उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 17 फार्मा कंपनियों को लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) सौंपते हुए स्पष्ट कहा कि प्रदेश "सुरक्षा, स्थिरता और रफ्तार" की गारंटी देता है। पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है और भारत 200 से अधिक देशों को सस्ती व गुणवत्ता-परक दवाएं उपलब्ध करा रहा है।

### ट्रंप के निशाने पर एफबीआई चीफ

नई दिल्ली। एफबीआई निदेशक काश पटेल इन दिनों विवादों के घेरे में हैं। 'द अटलांटिक' मग्जिन की एक रिपोर्ट में पटेल की शराब की लत और बिना बताए छुट्टी को गंभीर चिंता बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पटेल वॉशिंगटन डीसी के निजी क्लब 'नेड्स' और लास वेगास के 'पूडल रूम' में अक्सर नशे में धुत नजर आते हैं।

# संजय सिंह की 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग

## कहा- बागियों पर दलबदल कानून लगे

**अर्जी**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। AAP सांसद संजय सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन को याचिका सौंपकर BJP में शामिल हुए 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। सिंह ने कहा कि इन सदस्यों का पार्टी छोड़ना दलबदल विरोधी कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। संजय सिंह के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ने अधिवक्ता कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। AAP के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक, हरभजन



- संजय सिंह ने उपराष्ट्रपति को याचिका सौंपी

सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता ने शुक्रवार को BJP जॉइन कर ली थी। इस बीच राघव चड्ढा के इंस्टाग्राम पर करीब 19 लाख फॉलोअर्स कम हो गए हैं। 48 घंटे पहले उनके फॉलोअर 14.6 मिलियन (1 करोड़ 46 लाख) थे। » (शेष पेज 06 पर)

## बंगाल में पीएम बोले- टीएमसी सरकार में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं, कोलकाता में काली मंदिर गए

# 'भाजपा की जीत तय'

**रोड शो**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पीएम मोदी ने वादा किया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार महिलाओं के खातों में हर साल 36,000 रुपये जमा करेगी। इसके अलावा, उन्होंने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की एक ऐतिहासिक घोषणा की।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण के मतदान में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस (TMC) सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने टीएमसी पर राज्य की महिलाओं के



साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया, और साथ ही यह वादा भी किया कि भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद सरकार गुंडों और बलात्कारियों को ढूंढ-ढूंढकर पकड़ेगी। बंगांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने मौजूदा सरकार के कार्यकाल को जंगल राज करार दिया। इसके साथ ही, उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से कई नई पहलों और वादों की रूपरेखा भी पेश की। » (शेष पेज 06 पर)

> बीजेपी हर एक गुंडे, बलात्कारी को ढूंढ निकालेगी, बंगाल में महिला सुरक्षा पर टीएमसी पर बरसे पीएम मोदी



कोलकाता के काली मंदिर के बाहर PM ने एक फूल बेचने वाले से फूल-माला खरीदी।

### भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार महिलाओं के खातों में हर साल 36,000 रुपये जमा करेगी

प्रधानमंत्री ने वादा किया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार महिलाओं के खातों में हर साल 36,000 रुपये जमा करेगी। इसके अलावा, उन्होंने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की एक ऐतिहासिक घोषणा की, और वादा किया कि भाजपा की डबल-इंजन सरकार का दोहरा लाभ बंगाल की महिलाओं के लिए दोगुना हो जाएगा।

उन्होंने कहा, बंगाल की भाजपा सरकार हर साल महिलाओं के खातों में 36,000 रुपये जमा करेगी। बंगाल भाजपा ने आशा कार्यकर्ताओं और अन्य महिला स्वास्थ्य कर्मियों के वेतन के बारे में भी एक बड़ी घोषणा की है। » (शेष पेज 06 पर)


**अलर्ट :** एमपी के इंदौर-ग्वालियर में 8वीं तक के स्कूल बंद, बिहार के 10 जिलों में बारिश


# यूपी के 50 जिलों में लू बांदा में पारा 47.4 डिग्री

- दोपहर में धूप से बचें।
- ज्यादा पानी पिएं।
- हल्के कपड़े पहनें।
- बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

तमसा संकेत, एजेंसी

भोपाल/लखनऊ/जयपुर/मुंबई । देश में भीषण गर्मी का असर तेज हो गया है। उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में लू चल रही है। प्रदेश का बांदा शनिवार को देश में सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बिहार के कई जिलों में रविवार को मौसम ने करवट ली। सुपौल, रक्सौल और मधुबनी समेत 10 जिलों में तेज बारिश हुई। दरभंगा में काले बादल से दिन में अंधेरा छा गया। किशनगंज में तेज आंधी और बारिश की वजह कई जगह पेड़ उखड़ गए। मध्य प्रदेश के इंदौर और ग्वालियर जिले में आंगनवाड़ी केंद्र और 8वीं तक के सभी स्कूल 27 से 30 अप्रैल तक बंद रहेंगे। » (शेष पेज 06 पर)





### नया अनुमान मई में ही अल नीनो आने की आशंका

वर्ल्ड वेदर ऑर्गनाइजेशन ने अपने पूर्वानुमान में संशोधन कर कहा है कि अल नीनो कंडीशन मई से ही डेवलप होने की आशंका है। इसका मानसून पर नकारात्मक असर होगा। इससे पहले भारतीय मौसम विभाग ने कहा था कि इस वर्ष बारिश सामान्य से कम हो सकती है।

### अगले 2 दिन के मौसम का हाल

**27 अप्रैलः**

हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड के कुछ इलाकों में हीटवेव चलने की संभावना है।

आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में गर्म और उमस भरा मौसम रह सकता है।

**28 अप्रैलः**

बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हीटवेव चलेगी। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में गर्म रातें रहने की भी आशंका है।

आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, गुजरात, गोवा, ओडिशा और तमिलनाडु में बहुत ज्यादा गर्म और उमस भरा मौसम हो सकता है।

# दिल्ली-टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल, आग लगी

## 6 घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग सवार थे

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली एयरपोर्ट में टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल हो गया। स्विस एयरला-इंस की LX147 फ्लाइट शनिवार देर रात 1:08 बजे टेकऑफ करने वाली थी। तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद पायलट ने तुरंत विमान रोक दिया।

अधिकारियों ने बताया कि रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6 यात्री घायल हो गए। फ्लाइट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जाने वाली थी। SWISS एयरलाइन ने एक बयान में कहा,



- एयरलाइन बोली- टेकऑफ के वक्त लैंडिंग गियर में धुआं दिखा

हमें दिल्ली में फ्लाइट LX147 से जुड़ी घटना के बारे में जानकारी मिली है। जिस विमान में खराबी आई, वह एयरबस A330 है। घटना भारतीय समय के अनुसार रात 1 बजे के बाद की है। जैसे ही विमान टेकऑफ करने के लिए रनवे में आया। विमान के बाईं ओर लैंडिंग गियर से धुआं निकलता देखा गया। » (शेष पेज 06 पर)

### नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने अर्बन चैलेंज फंड से संबंधित बैठक में किया प्रतिभाग

# ‘अर्बन चैलेंज फंड से शहरों के कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त’




**बैठक**

- नई दिल्ली में ‘अरबन चैलेंज फंड पर निर्णायक मंथन, विकास की प्राथमिकताओं पर बनी रणनीति
- उत्तर प्रदेश के शहर बनेंगे ‘ग्रोथ इंजन’, आधुनिक और स्मार्ट अवसंरचना को मिलेगा बढ़ावा



बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर,प्रमुख सचिव नगर विकास श्री पी गुरु प्रसाद,अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों और शहरी विकास क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया।

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में कल देर शाम इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित ‘Urban Challenge Fund’ से संबंधित रणनीतिक विचार-विमर्श बैठक में शामिल हुए। बैठक में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को परियोजनाओं की प्राथमिकता निर्धारण, निर्णय प्रक्रिया को सरल बनाने, अनुमोदन प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा निधियों के समयबद्ध निर्गमन सुनिश्चित करने

“ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने अर्बन चैलेंज फंड से संबंधित बैठक में किया प्रतिभाग

**उत्तर प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध**

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और UCF के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र (ICCC), नगर सेवाओं का डिजिटलीकरण, ड्रोन आधारित अतिक्रमण प्रबंधन, ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (TOD), डंपसाइट पुनर्वास, अपशिष्ट प्रबंधन, विरासत संरक्षण एवं स्ट्रीट लाइटिंग जैसी परियोजनाएं शहरों की कार्यक्षमता और जीवन गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाएंगी।

जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने कहा कि अर्बन चैलेंज फंड (UCF) के तहत निर्धारित 1 लाख करोड़ की केंद्रीय सहायता देश के शहरी विकास को नई दिशा देने वाली ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि यह फंड राज्यों एवं शहरों को ‘आर्थिक विकास केंद्र’ के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सरोजनी नगर में लेबर-सब्जी मंडी हटेगी सैनिक तिराहा के पास शिफ्ट की जाएगी

## पुलिस-व्यापारियों की बैठक में फैसला

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में कानपुर रोड पर लगने वाली लेबर और सब्जी मंडी को हटाकर सैनिक तिराहे पर ले जाने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला शनिवार को पुलिस और व्यापारियों के बीच हुई एक बैठक में लिया गया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में लगने वाले भीषण जाम की समस्या का समाधान करना था। हाइडिल चौराहा के पास कानपुर रोड किनारे लगने वाली इन मंडियों के कारण रोजाना यातायात बाधित होता था। इससे विशेषकर महिलाओं और स्कूली बच्चों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर इस मुद्दे पर कार्रवाई की गई।

बैठक में तय हुआ कि सड़क किनारे संचालित हो रही लेबर मंडी को हटाकर सैनिक तिराहा के पास स्थित खाली भूमि पर स्थानांतरित किया जाएगा। बैठक के बाद अधिकारियों ने संबंधित स्थल का निरीक्षण किया और उसे मंडी के लिए चिन्हित भी कर लिया है। सब्जी विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वो 26 अप्रैल 2026, रविवार से अपनी दुकानें निर्धारित मंडी परिसर में ही लगाएं।



**सैनिक तिराहे के पास खाली जमीन**

सरोजनी नगर थाने में आयोजित इस बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कृष्णानगर रजनीश वर्मा और प्रभारी निरीक्षक सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति शामिल थे। उनके साथ उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, शांति नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष रितेश सिंह चौहान सहित कई व्यापारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**फास्ट न्यूज**

### 75 लाख की लूट में शामिल एक और आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में कलेक्शन एजेंट से 75 लाख रुपए की लूट करने वाले गिरोह के एक और इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। एडीसीपी क्राइम किरन यादव ने बताया 5 अप्रैल को गुजरात के परपाटन निवासी निकुल सिंह ने विभूतिखंड थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

### लखनऊ की सोसाइटी में देर रात तक बजा डीजे

लखनऊ। लखनऊ के गोमती ग्रीन्स सोसाइटी के कम्युनिटी सेंटर में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजता है। इससे आवंटियों को परेशानी होती है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तहरीर दी है। शिकायत देकर सुरक्षा खतरों और नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं।

RWA का कहना है कि अनुबंध के मुताबिक, क्लब सिर्फ सोसाइटी के आवंटियों के लिए होना चाहिए, लेकिन अब इसे बाहरी लोगों को किराए पर दिया जा रहा है।

रात में 10:30 बजे तक डीजी बजने से परेशान लोगों ने पुलिस बुलाई। इसके बाद डीजे बंद हुआ।

### सुपर जायंट्स के खिलाड़ी पहुंचे हजरतगंज मेट्रो स्टेशन

लखनऊ। लखनऊ में हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर शनिवार को LSG के खिलाड़ियों का लगा जमावड़ा। मौका था मेट्रो और लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) की साझीदारी के चार साल पूरे होने पर खास कार्यक्रम मीट एंड ग्रीट का। LSG के सलाहकार केन विलियम्सन, बल्लेबाज मुकुल चौधरी, ऑल-राउंडर अर्जुन तेंदुलकर और बाएं हाथ के स्पिनर एम. सिद्धार्थ मेट्रो स्टेशन पहुंचे।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गर्लफ्रेंड पर एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में बैंककर्मी के फांसी लगाने के मामले में पिता ने एक युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक के पिता ने युवती पर मानसिक उत्पीड़न और आर्थिक शोषण का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बस्ती जिले के वेलसड़ गांव निवासी राजेश चंद्र मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा आकर्ष मिश्रा लखनऊ के मटियारी स्थित आस्था नगर में किराए पर रहता था। उसके साथ आकांक्षा वर्मा नाम की युवती भी रह रही थी। आरोप है कि आकांक्षा लगातार आकर्ष को मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी और उस पर दबाव बनाकर 1 लाख 500 रुपए का लोन करवाया। रुपए आस्था ने रख लिए। 21 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे दोनों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद आकांक्षा घर छोड़कर चली गई।

- लखनऊ में बैंककर्मी ने वीडियो कॉल कर लगाई थी फांसी, पिता बोले-तनाव दे रही थी

इसके बाद भी वह कॉल कर आकर्ष को लगातार मानसिक तनाव देती रही। 21 अप्रैल की रात में ही दबाव में आकर आकर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों का कहना है कि आत्महत्या के दौरान भी आकांक्षा वीडियो कॉल पर थी और उसे पूरी जानकारी थी कि आकर्ष ने आत्मघाती कदम उठा लिया है। बावजूद इसके उसने करीब एक घंटे बाद रात करीब 11 बजे आसपास रहने वाले लोगों को मैसेज भेजकर जानकारी दी।

### धनतेरस पर खोला, एक बच्चा भाग गया था, घटना के बाद आरोपी बच्चे को कानपुर उसके घर छोड़कर फरार हो गया था

# कानपुर के बच्चे की हत्या के बाद गुरुकुल में हवन

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के पारा इलाके में 21 अप्रैल को 11 साल के बच्चे दिव्यांश की गुरुकुल में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी रिश्ते में बच्चे का मामा लगता है। 15 अप्रैल को ही पिता नरेंद्र कुमार द्विवेदी ने दिव्यांश का गुरुकुल में दाखिला कराया था। घटना के बाद आरोपी बच्चे को कानपुर उसके घर छोड़कर फरार हो गया था।

परिजनों के हंगामे के बाद कानपुर पुलिस ने लखनऊ पुलिस की मदद से छतरपुर निवासी आरोपी सौरभ मिश्रा (27) और छतरपुर की ही उसकी गर्लफ्रेंड हर्षिता सोनी (23) को गिरफ्तार कर लिया। टीम घटना के बाद गुरुकुल पहुंचा। गुरुकुल बाहर से बंद मिला, लेकिन अंदर की




लाइटें व पंखे चालू थे। आसपास के लोगों से बातचीत में पता चला कि बच्चे की हत्या के दूसरे दिन गुरुकुल में हवन हुआ था। इसके पहले भी एक बच्चा गुरुकुल से भाग गया था। जिस घर में गुरुकुल चलता है, वह बाहर ने बंद था। अंदर देखने पर सारे दरवाजे खुले दिखे। अंदर लाइट व पंखा चालू था। बाहर लॉन में मटका और गिलास व नमकीन पड़ा था। अंदर की तरफ सारे कमरे में दरवाजे खुले थे। आरोपी सौरभ घटना के बाद घबराकर भाग गया था। जल्दबाजी में सारे बिजली उपकरण चालू रह गए। हालांकि घटना के बाद परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी मामा और उसकी गर्लफ्रेंड से पूछताछ की। दोनों ने जो बयान दिए, उसे सुन अफसर भी सन्न रह गए। मामा ने पुलिस को बताया- दिव्यांश गुरुकुल के नियमों का पालन नहीं कर रहा था।



पुलिस ने आरोपी सौरभ मिश्रा और उसकी गर्लफ्रेंड हर्षिता सोनी को गिरफ्तार कर लिया है।

**बच्चों को बाहर निकलने की इजाजत नहीं थी**

सौरभ ने पारा के डिप्टी खेड़ा स्थित शर्मा चौराहे के पास एक मकान किराए पर लेकर गुरुकुल खोला था। टीम वहां पहुंची तो अधिकांश घर में ताला लटका मिला। जिस घर में गुरूकुल था। वहां भी बाहर से ताला बंद था। मोहल्ले में मिले लोग इस बारे में बात नहीं करना चाहते थे। हालांकि, नाम न छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि अंदर 6-7 बच्चे रहते थे, जिन्हें कभी बाहर नहीं निकलने दिया जाता था।

**हत्या के बाद सौरभ ने घर में किया हवन**

मोहल्ले की एक महिला ने बताया कि घटना वाले दिन बच्चे का काफी शोर सुनाई दे रहा था। इसके बाद आना बंद हो गया। अगले दिन आरोपी ने घर में हवन किया। शायद आरोपी को जानकारी हो चुकी थी, इसलिए हवन करने के बाद एक महिला के साथ बाकी बच्चों को भेज दिया। महिला ने बताया कि 2025 में धनतेरस वाले दिन गुरुकुल शुरू किया था। इसके पहले एक बच्चा वहां से भाग चुका है।

### अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा, हवा के गर्म थपेड़ों से परेशानी

# पारा 43 डिग्री, सीजन का सबसे गर्म दिन



**चेतावनी**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में आज अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.7 डिग्री ज्यादा है। दोनों ही तापमान इस सीजन के अब तक के सबसे अधिक स्तर पर पहुंचे हैं।

अधिकतम आर्द्रता 51 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 17 प्रतिशत दर्ज की गई। आज सुबह 10 बजे से ही लू चलने लगी। दोपहर 12 बजे तापमान 42C पार हो गया। भीषण



गर्मी लोगों को सता रही है। उमसभरी गर्मी के बीच गर्म हवा के थपेड़े चल रहे हैं। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 27 अप्रैल तक प्रदेश में लू का असर बना रहेगा। इस दौरान कुछ स्थानों पर गर्म रातें भी पड़ सकती हैं। राजधानी लखनऊ में 26 और 27 अप्रैल को लू चलने की संभावना है। 27 अप्रैल से मौसम में बदलाव शुरू हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होगा, जो धीरे-धीरे पूर्वी उत्तर प्रदेश तक पहुंचेगा। मई की शुरुआत में रुक-रुककर बारिश होने के आसार हैं। इससे तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है और 28 अप्रैल से लू से राहत मिलने की उम्मीद है।

> शनिवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान अभी तक सीजन में सबसे अधिक 42.9 डिग्री दर्ज हुआ था। यह सामान्य से 3.8 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 56 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 15 फीसदी दर्ज हुआ।

### लखनऊ में बस के नीचे आने से बुजुर्ग की मौत

लखनऊ । लखनऊ के खदरा चुंगी के पास रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। रोडवेज बस से उतरते समय 72 वर्षीय बुजुर्ग की फिसलकर बस के नीचे गिर गए। इसी दौरान बस का पिछला पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान खदरा निवासी अवधेश मिश्रा के रूप में हुई। वह दिल्ली से लखनऊ बस से लौटे थे। खदरा चुंगी के पास बस से उतरते वक्त उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। तभी बस का पिछला पहिया, उन्हें कुचलता हुआ निकल गया।

हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के परिवार में पत्नी बिट्टन देवी (65) और तीन बेटे नवल किशोर मिश्र, पवन और शरद हैं। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## राजधानी में 10-हजार से ज्यादा घरों ने झेला बिजली संकट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । अमीनाबाद, हुसैनाबाद, गोमतीनगर सहित शहर के विभिन्न इलाकों में शनिवार को दिनभर जबरदस्त बिजली कटौती हुई। 10 हजार से ज्यादा घरों ने बिजली संकट झेला। कई कॉलोनियों में लोगों ने प्रदर्शन किया। आलमबाग में व्यापारियों ने दुकान के अंदर टॉर्च जलाकर आक्रोश दिखाया। आलमबाग और न्यू डिफेंस कॉलोनी के लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। बिजली कटौती की वजहों में एबीसी (एरियल बंच कंडक्टर) केबल में आग लगने, ट्रांसफार्मर फुंकने और अंडर ग्राउंड केबल में फॉल्ट शामिल रहे। लेसा के अंबेडकर उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाली न्यू डिफेंस कॉलोनी में सबसे ज्यादा दिक्कत रही। न्यू डिफेंस कॉलोनी में पिछले 4 दिनों से एबीसी लाइन में लगातार धमाके और आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। शनिवार तड़के एक बार फिर तेज धमाके के साथ तारों में आग भड़क उठी,



- कॉलोनियों में किया प्रदर्शन, व्यापारियों ने दुकान के अंदर टॉर्च जलाई

जिससे इलाके में दहशत फैल गई। तड़के हुए इस हादसे के बाद स्थानीय निवासियों का गुस्सा भड़क उठा। बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर जमा हो गए और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग केवल जले हुए तारों को जोड़कर खानापूर्ति कर देता है, जबकि जर्जर तार और खुले कनेक्शन किसी बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही लाइन का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

### सख्ती : नोटिस के बाद सस्पेंड होंगे सेंटरों में पहुंचे अधिकारी, खाना चखकर क्वालिटी परखी

# जनगणना ट्रेनिंग से 694 कर्मचारी गैरहाजिर

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में जनगणना ट्रेनिंग से 694 कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने ट्रेनिंग में गैरहाजिर रहने वाले प्रगणकों और सुपरवाइजरों को नोटिस जारी कर जवाब लिया जाए। अगर संतोषजनक और सही जवाब न मिले तो इन्हें सस्पेंड कर दिया जाए। जिलाधिकारी की सख्ती और कर्मचारियों की खाने की शिकायत के बाद शनिवार को ट्रेनिंग सेंटरों पर सभी अपर नगर आयुक्तों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खुद चखकर खाने की क्वालिटी चेक की। साथ ही कहा कि जो कर्मचारी लापरवाही करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम की ओर से जनगणना के लिए ट्रेनिंग सेंटर में कर्मचारियों को दिए जा रहे घटिया खाने की शिकायत पर शनिवार को अपर नगर आयुक्तों ने औचक निरीक्षण किया। ट्रेनिंग ले रहे कर्मचारियों ने आरोप लगाया था कि सेंटर में परोसे जा रहे खाने की गुणवत्ता बेहद खराब है।

शिकायत मिलते ही अपर नगर आयुक्त ललित कुमार और अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता टीम के साथ ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे।





**धारा-11 के तहत सजा भी मिल सकती है**

अधिकारियों ने बताया कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा-11 के तहत यदि कोई नियुक्त अधिकारी बिना उचित कारण ड्यूटी से इनकार करता है या लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ तीन साल तक की सजा, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। यह जानबूझकर किए गए अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन का कहना है कि प्रशिक्षण के दौरान भोजन समेत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऐसे में अनुपस्थिति का कोई औचित्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**21 अप्रैल से चल रही है ट्रेनिंग**

जिले में 21 अप्रैल से जनगणना की ट्रेनिंग चल रही है। 25 अप्रैल के प्रशिक्षण में अधिकारियों ने सेंटरों में विजिट किया तो कुल 694 कर्मचारी नहीं नदारद रहे। जोन-1 में 122, जोन-2 में 104, जोन-3 में 186, जोन-4 में 185, जोन-5 में 23, जोन-7 में 74 कर्मचारी गैरहाजिर मिले।

जोन-1 में अमीनाबाद इंटर कॉलेज, जोन-2 में ईदगाह ऐशबाग, जोन-3 में केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-जे अलीगंज, जोन-4 में मॉडर्न अकैडमी विराम खंड-5 और लखनऊ पब्लिक स्कूल विराट खंड-4, जोन-5 में मानस नगर स्थित इंडिया लिटरेसी बोर्ड तथा जोन-7 में इरम पब्लिक कॉलेज और सेंट डोमिनिक सेवियो कॉलेज इंदिरा नगर में प्रशिक्षण चल रहा है।


### यूपी में वक्फ संपत्तियों पर बड़ी कार्रवाई

# लखनऊ-बिजनौर समेत कई जिलों में 12 हजार पंजीकरण रद्द

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और पारदर्शिता को लेकर राज्य सरकार और वक्फ बोर्ड बेहद सख्त नजर आ रहे हैं. केंद्र सरकार के ‘उम्मीद पोर्टल’ पर चल रहे सत्यापन कार्य के दौरान यूपी में एक बड़ा खुलासा हुआ है. राज्य भर में अब तक 12 हजार से अधिक वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण खारिज कर दिए गए हैं. डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने की इस प्रक्रिया में लखनऊ और बिजनौर जैसे जिले सबसे ऊपर हैं, जहां भारी संख्या में खामियां पाई गई हैं.

जांच में सामने आया है कि पंजीकरण रद्द होने की मुख्य वजह डाटा एंट्री में गलतियां और अधूरे दस्तावेज हैं. कई संस्थानों ने पोर्टल पर जानकारी तो दी, लेकिन उसके समर्थन में जरूरी कानूनी कागजात अपलोड नहीं किए. निरस्त की गई इन संपत्तियों में छोटी मस्जिदों की जमीन से लेकर 300 एकड़ तक के बड़े कब्रिस्तान शामिल हैं. आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा गाज कब्रिस्तानों के पंजीकरण पर गिरी है, जबकि दूसरे नंबर पर मस्जिदें हैं. इनके अलावा मदरसे, ईदगाह, इमामबाड़ा और दरगाह भी इस कार्रवाई की जद में आए हैं।



## गोहन्ना चौराहे से लोहिया भवन तक हुआ स्वागत, कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने का संदेश

# अम्बेडकरनगर दौरे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी



**संबोधन**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का एक दिवसीय दौरा रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का दौरा राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला जिला आगमन था। अकबरपुर के गोहन्ना चौराहे सहित कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

लोहिया भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं को



संबोधित किया। कहा कि संगठन की ताकत कार्यकर्ताओं से ही बनती है। हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। बूथ स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक एकजुटता जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर कार्यकर्ता ठान लें, तो कोई लक्ष्य कठिन नहीं होता।

प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम से पहले



प्रधानमंत्री के मन की बात के 133वें एपिसोड को सुना। इसके बाद संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। यहां हर कार्यकर्ता को अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि हाल के चुनावों में मिली जीत को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। एकजुटता ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कटेहरी सीट पर मिली

### महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत आरक्षण महिलाओं का अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। इससे महिलाओं में नाराजगी है।

जीत का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी समेत कई

**प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुछ दल अपनी नीतियों से भटक गए हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर भी टिप्पणी की। कहा कि पार्टी के अंदर ही असंतोष दिख रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा मजबूत स्थिति में है और आगामी चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी।**

नेता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके अलावा संगठन से जुड़े पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। दौरे के

### कई स्थानों पर हुआ स्वागत

प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर किया गया। बेवाना, गौहन्ना बाईपास और पटेल नगर तिराहे पर कार्यकर्ताओं की भीड़ रही। सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद वह लोहिया भवन पहुंचे।

दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा कार्यालय में बैठक की। साथ ही वरिष्ठ नेताओं के आवास पर भी पहुंचे। उन्होंने संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर चर्चा की।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा में सख्ती, एसपी ने किया केंद्र का निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। रविवार को होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर सतर्कता देखने को मिली। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र स्थित बीएन इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया और निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी ली और परीक्षा संचालन से जुड़े जरूरी निर्देश दिए।

परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया को लेकर विशेष ध्यान दिया गया। एसपी ने निर्देश दिया कि प्रवेश के समय पूरी जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। केंद्र परिसर में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती पर भी जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा निष्पक्ष और

**■ बीएन इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश**

पारदर्शी ढंग से कराई जाए। किसी भी तरह की नकल या गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की बात कही गई। निगरानी व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए भी कहा गया।

एसपी प्राची सिंह ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना प्राथमिकता है। ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ काम करने के निर्देश दिए गए।

**फास्ट न्यूज**

### पिकअप की टक्कर से ऑटो सवारों की मौत

वाराणसी। वाराणसी के जैतपुरा थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में आटो सवार एक युवक और एक महिला की मौत हो गई। इसके अलावा ऑटो सवार अन्य कई गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।

### बाराबंकी के होटल में लगी आग

बाराबंकी। बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र में देर रात एक होटल के किचन में आग लग गई। देवा रोड स्थित स्मार्ट प्वाइंट के नीचे बने कोकोस कैफे में हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई, हालांकि सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए और कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किचन से अचानक धुआं उठना शुरू हुआ और देखते ही देखते आग फैल गई। आग लगते ही होटल में मौजूद लोगों के बीच भगदड़ मच गई। सभी ने अपनी जान बचाने के लिए तुरंत बाहर निकलना शुरू कर दिया।

### ससुरालवालों से तंग आकर विवाहिता ने किया था सुसाइड

बाराबंकी। बाराबंकी जनपद के मसौली थाना क्षेत्र के नौबस्ता गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में नया मोड़ आया है। मायके में फंदा लगाकर आत्महत्या करने वाली 25 वर्षीय डाली की डायरी से मिले सुसाइड नोट ने जांच की दिशा बदल दी है। सुसाइड नोट के अनुसार, यह आत्महत्या ससुराल पक्ष की प्रताड़ना का परिणाम है।

## बुकिंग के बाद भी नहीं मिला सिलेंडर मामला उपभोक्ता फोरम पहुंचा

### डीएसओ और एजेंसी मैनेजर को नोटिस, 28 अप्रैल को पेश होने का आदेश

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले में रसोई गैस सिलेंडर की डिलीवरी न होने का मामला उपभोक्ता फोरम तक पहुंच गया है। बुकिंग के बाद भी गैस न मिलने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने जिला पूर्ति अधिकारी और संबंधित गैस एजेंसी प्रबंधक को नोटिस जारी कर 28 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। मामला मालीपुर निवासी ईश्वरचंद्र यादव से जुड़ा है। उनका गैस कनेक्शन जलालपुर स्थित श्रीनरसिंह भारत गैस एजेंसी में है। उपभोक्ता के अनुसार उन्होंने 13 मार्च को सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी डिलीवरी नहीं हुई। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने कई बार एजेंसी प्रबंधक से संपर्क किया, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। इसके बाद खाद्य एवं रसद विभाग में भी शिकायत की गई, लेकिन वहां से भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

लगातार परेशानी के बाद उपभोक्ता ने 16 अप्रैल को जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। मामले की सुनवाई करते हुए आयोग के अध्यक्ष गंगाराम ने इसे प्रथम दृष्टया सेवा में कमी और अनुचित व्यापारिक व्यवहार माना है। आयोग ने डीएसओ शिवाकांत पांडेय और गैस एजेंसी प्रबंधक को नोटिस जारी कर तय तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

## लेखपाल पर गलत रिपोर्ट भेजने का आरोप, ग्रामीणों में नाराजगी

# सीमांकन पत्थर को लेकर विवाद पैमाइश टीम लौटी बिना नाप-जोख

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले के आलापुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूढ़ी में सीमांकन को लेकर विवाद सामने आया है। खतौनी धारक मिथिलेश कुमार की शिकायत पर राजस्व टीम 25 अप्रैल की शाम पैमाइश के लिए मौके पर पहुंची, लेकिन सीमांकन पत्थर न मिलने के कारण नाप-जोख नहीं हो सकी।

राजस्व टीम में नायब तहसीलदार, कानूनगो और अन्य कर्मचारी शामिल थे। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के अनुसार, कियरवा तालाब के पास जहां सीमांकन पत्थर होना बताया गया था, वहां पत्थर गड़ा नहीं मिला। इस कारण टीम को बिना पैमाइश लौटना पड़ा।



ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने बिना पत्थर गड़े ही पैमाइश करने का दबाव बनाया। इससे विवाद की स्थिति बन गई। बाद में टीम को लौटना पड़ा। मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। उन्होंने प्रशासन से सही स्थान पर सीमांकन पत्थर गाड़ने और मामले की जांच कराने की मांग की है।

**■ स्थानीय लोगों के अनुसार, अप्रैल 2025 में भी रात के समय सीमांकन पत्थर लगाने का प्रयास किया गया था, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया था। इसके बाद अगले दिन फोटो लेकर सीमांकन पूरा होने की सूचना भेजी गई।**

### लेखपाल पर झूठी रिपोर्ट का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व लेखपाल सलीम ने बिना पत्थर गाड़े ही सीमांकन पूरा होने की रिपोर्ट भेज दी थी। आरोप है कि पत्थर खड़ा कर फोटो खिंचवाई गई और उसी आधार पर रिपोर्ट तैयार कर दी गई। इस मामले में कुछ ग्राम प्रधानों और प्रतिनिधियों पर भी गलत गवाही देने का आरोप लगाया गया है।

## रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य आयोजन, जल्द फील्ड में देंगे सेवाएं

# दीक्षांत परेड समारोह में 362 आरक्षियों ने पूरा किया प्रशिक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को आरक्षी नागरिक पुलिस के आधारभूत प्रशिक्षण उपरांत दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डीआईजी कमिश्नरेट प्रयागराज विजय ढुल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। परेड में रिक्रूट आरक्षियों ने अनुशासन और प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया, जिसे अधिकारियों ने सराहा।

जनपद में प्रारंभिक प्रशिक्षण के लिए 332 पुरुष और 81 महिला रिक्रूट आरक्षियों का आगमन हुआ था। एक माह के बाद 81 महिला आरक्षियों को आगे के प्रशिक्षण के लिए पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय गोरखपुर भेजा गया।



**कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय दीक्षांत परेड का सजीव प्रसारण भी देखा गया।**

21 जुलाई 2025 से शुरू हुए 9 माह के प्रशिक्षण में कुल 380 रिक्रूट शामिल हुए। इनमें 48 बाराबंकी और 332 अम्बेडकरनगर के थे। प्रशिक्षण के दौरान 15 आरक्षियों ने अन्य विभाग में चयन होने पर त्यागपत्र दिया, जबकि 3 परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। इस तरह 362 आरक्षियों ने प्रशिक्षण पूरा किया।

दीक्षांत परेड के बाद जनपद को 324 पुरुष और 79 महिला आरक्षी मिलेंगे। ये सभी जल्द ही फील्ड पुलिसिंग में तैनात किए जाएंगे।

### दी जिम्मेदारी निभाने की सीख

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि पुलिस सेवा में कानून व्यवस्था बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने नवदीक्षित आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।



### एसपी प्राची सिंह का बयान

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और न्याय से जुड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि हर आरक्षी को निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। वर्दी विश्वास और सेवा का प्रतीक है, इसे सम्मान के साथ निभाना जरूरी है।

समारोह में जिलाधिकारी ईशा प्रिया, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक तेजबीर सिंह समेत अन्य अधिकारी, प्रशिक्षक, मीडिया प्रतिनिधि और रिक्रूट आरक्षियों के परिजन मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में मेगा मेडिकल कैम्प, 366 मरीजों का इलाज

### रक्तदान शिविर में 11 युवाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । भीषण गर्मी के बीच आयोजित फ्री मेगा मेडिकल कैम्प में 366 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। हेल्प प्वाइंट एनजीओ और एसएस एजुकेशनल सोसायटी ने पूर्वांचल मेडिसिटी हॉस्पिटल के सहयोग से यह कैम्प आयोजित किया। कैम्प में सभी मरीजों की बीपी और शुगर की जांच निःशुल्क की गई।

कैम्प के साथ लगे रक्तदान शिविर में 18 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 11 युवाओं ने रक्तदान किया। यह शिविर महामाया मेडिकल कॉलेज की रक्तकोष टीम और बीसीटीवी अयोध्या मंडल के सहयोग से आयोजित हुआ।




कैम्प में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया। इसमें जनरल सर्जन, नेत्र रोग, महिला रोग, दंत रोग, बाल रोग, कैंसर, न्यूरो और हड्डी रोग विशेषज्ञ शामिल रहे। सभी मरीजों को आवश्यक परामर्श और दवाएं निःशुल्क दी गईं। एक ही स्थान पर कई विशेषज्ञों की उपलब्धता से लोगों को सुविधा मिली।

कार्यक्रम के अंत में बेहतर सेवा देने वाले चिकित्सकों को अंगवस्त्र और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## अंबेडकरनगर में रात की अघोषित बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के विद्युत वितरण खंड आलापुर के अंतर्गत आने वाले न्यौरी विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में ग्रामीण उपभोक्ता इन दिनों अघोषित बिजली कटौती से जूझ रहे हैं। रात के समय लगातार बिजली बाधित होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। न्यौरी उपकेंद्र से रुस्तमपुर, आमा दरवेशपुर, गोविंद साहब और कौड़ाही फीडर संचालित होते हैं। इन फीडरों से करीब दस हजार उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जाती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले दो दिनों से रात में 4 से 5 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। शनिवार रात तो कई क्षेत्रों में केवल 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल सकी।

सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति का शेड्यूल तय किया गया है। हालांकि, उपभोक्ताओं का आरोप है कि इस शेड्यूल का पालन नहीं




**■ न्यौरी उपकेंद्र के उपभोक्ताओं को 4-5 घंटे तक नहीं मिल रही बिजली**

हो रहा। खासकर रात में होने वाली कटौती का कहीं उल्लेख नहीं है, फिर भी रोजाना आपूर्ति बाधित की जा रही है।

रात में बिजली न रहने से लोगों को उमस भरी गर्मी और अंधेरे में समय बिताना पड़ रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में असंतोष बढ़ रहा है। न्यौरी उपकेंद्र के अवर अभियंता प्रशांत तिवारी के अनुसार, मुख्य सप्लाई फेल होने के कारण रात में आपूर्ति बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सप्लाई बहाल होती है, तुरंत बिजली चालू कर दी जाती है।

## सनसनी : जैतपुर थाना क्षेत्र के आशापार गांव की घटना, पुलिस ने शुरू की जांच

# घर के बाहर सो रहे व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के आशापार गांव में शनिवार देर रात एक व्यक्ति की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। 50-52 वर्षीय संतोष तिवारी पर अज्ञात हमलावर ने उस समय हमला किया, जब वह घर से करीब 100 मीटर दूर पशु आश्रय के पास खाट पर सो रहे थे। हमलावर ने धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर उनकी हत्या कर दी।

घटना के समय पास में सो रही पत्नी को इसकी जानकारी नहीं हो सकी। सुबह ग्रामीणों ने घायल अवस्था में संतोष तिवारी को जलालपुर ले जाया, जहां डॉक्टरों ने



उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। यह घटना क्षेत्र में पहले हुई एक समान वारदात की याद दिलाती है। सितंबर 2025 में जैतपुर थाना क्षेत्र के मुस्कुराई गांव में ऑटो चालक रामस्वरूप की भी सोते समय धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में पुलिस ने उनके बेटे को संदिग्ध बताया था, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस खुलासा नहीं हो सका।

**■ मृतक के छोटे पुत्र के अनुसार, संतोष तिवारी शनिवार को कन्नुपुर में एक बारात में गए थे। देर रात लौटने के बाद वह घर के बाहर सोने चले गए थे। परिवार का कहना है कि उनकी किसी से कोई पुरानी रंजिश या विवाद नहीं था।**

### पुलिस ने तीन टीमें गठित कीं

घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ने मौके का निरीक्षण किया। मामले के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। फिलहाल हमलावर का कोई सुराग नहीं मिला है।

## किसान की जमीन पर जबरन रास्ता बनाने का आरोप

**मनमानी**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । अकबरपुर तहसील क्षेत्र में एक ठेकेदार की मनमानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिना अनुमति के किसान की खतौनी की जमीन पर रात के समय जबरन रास्ता बना दिया गया।

मामला राजस्व ग्राम न्यूतरिया मुस्तफाबाद, गाटा संख्या 20 से जुड़ा है। अकबरपुर-बसखारी मार्ग के पास स्थित जमीन पर ठेकेदार ने रात के अंधेरे में करीब 16 फुट चौड़ा और लगभग 200 मीटर लंबा रास्ता बना दिया। किसान का आरोप है कि न तो पूर्व सूचना दी गई और न ही मिट्टी लेने की अनुमति ली गई।

बताया गया कि राजस्व नक्शे में चक मार्ग की चौड़ाई 8 फुट दर्ज है, लेकिन मौके पर इसे 16 फुट



**■ रात में 16 फुट चौड़ा मार्ग बनाने का मामला, एसडीएम से शिकायत**

तक बढ़ा दिया गया। आरोप यह भी है कि निर्माण के दौरान आसपास की संरचनाओं को नजरअंदाज किया गया।

पीड़ित अभिषेक तिवारी और अनुभव तिवारी ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर मामले में जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने जमीन के नुकसान की भरपाई कराने की भी मांग उठाई है।

# सम्पादकीय

## क्षुद्र राजनीति पर प्रहार



पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी अप्रकाशित पुस्तक को लेकर उपजे विवाद को लेकर जो कुछ कहा, उससे न केवल उस दुष्प्रचार पर विराम पर लगा, जिसे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अनावश्यक तूल दे रहे थे, बल्कि यह भी साफ हुआ कि चीनी सेना भारतीय जमीन पर अतिक्रमण करने में नाकाम रही थी।

वैसे वे पहले भी यह कह चुके थे कि भारत ने चीन के हाथों एक भी इंच जमीन नहीं खोई और गत दिनों फिर से यही बात दोहराई, लेकिन राहुल गांधी इस पर यकीन करने को तैयार नहीं थे। वे बार-बार यही दुष्प्रचार कर रहे थे कि चीन ने हमारी जमीन हथिया ली और प्रधानमंत्री कुछ भी नहीं कर पाए। बाद में वे जनरल नरवणे के कथ्य को गलत तरीके से प्रस्तुत करने लगे। संसद के बजट सत्र में तो वे तब हद ही पार कर गए, जब उन्होंने जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के एक पत्रिका में छपे अंश की मनचाही व्याख्या की आड़ में प्रधानमंत्री को निशाने पर लेने और यह समझाने की कोशिश की कि जब तत्कालीन सेना प्रमुख उनसे चीनी सेना की आक्रामकता पर निर्देश मांग रहे थे तो उन्होंने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। राहुल ने प्रधानमंत्री की ओर से सेना प्रमुख को दिए गए इस स्पष्ट निर्देश की शरारतपूर्ण ढंग से व्याख्या की कि जो उचित समझें, वह करें। वे यहीं तक सीमित नहीं रहे। वे संसद परिसर में जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक की तथाकथित प्रति भी लहराने लगे।

राजनीति में जब आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला कायम होता है, तो उसमें दुष्प्रचार का भी कुछ अंश शामिल होता ही है, लेकिन यह तो गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा है कि संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए ऐसा झूठ प्रचारित किया जाए कि सीमा पर संकट के समय सेना और सरकार में सामंजस्य नहीं था। सीमाओं की सुरक्षा और सेना को लेकर अनावश्यक विवाद पैदा करना राष्ट्रीय हितों की अनदेखी ही नहीं, क्षुद्र राजनीति भी है। यह अच्छा हुआ कि जनरल नरवणे ने राहुल गांधी की ओर से उनकी अप्रकाशित पुस्तक की कथित प्रति लहराने और उनके साथ-साथ सेना को विवादों में घसीटने को अनुचित आचरण की संज्ञा देने में संकोच नहीं किया। उन्होंने यह कहकर भी एक तरह से राहुल को आईना ही दिखाया कि यदि आपको प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और सेना प्रमुख की बातों पर भी भरोसा नहीं है तो चीन से पूछ लीजिए। इसमें संदेह है कि पूर्व सेना प्रमुख की इन खरी बातों से राहुल अपनी गलती समझेंगे और उनकी सेहत पर कोई असर पड़ेगा, क्योंकि किसी भी मामले में वे अपनी मनगढ़ंत धारणा को सही सिद्ध करने की कोशिश करते रहने के आदी हो चुके हैं। वास्तव में इसी कारण वे अनावश्यक विवादों में घिरते रहते हैं।

## नारी तुम अभागी हो ?

महिलाओं को आरक्षण देने से जुड़ा संवैधानिक संशोधन बिल संसद में पास ना हो सका । नारी शक्ति वंदन अधिनियम (128वाँ संवैधानिक संशोधन विधेयक, 2023) के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया था । कहने को इसके पीछे कई कारण बताए जाते हैं जैसे परिसीमन की आवश्यकता, उत्तर और दक्षिण भारत के बीच जनसंख्या के आधार पर सीटों का बंटवारा, और "कोटा में कोटा" की मांग लेकिन इन सभी तर्कों के बीच एक मूल सवाल कहीं खो जाता है । आज़ादी के 80 साल बाद भी महिला सिर्फ "महिला" नहीं है, कभी अनुसूचित जाति, कभी जनजाति, कभी पिछड़ा वर्ग, और सोशल मीडिया की सोच के अनुसार, वो सामान्य वर्ग से कम और इलीट क्लास अथवा गोरी चमड़ी की महिला है लेकिन असली सवाल यह है कि क्या हम समाधान खोज रहे हैं या बहानों की एक नई परत गढ़ रहे हैं? सवाल यह भी है कि क्या हम महिलाओं को एक राजनीतिक नागरिक के रूप में देख रहे हैं या या सिर्फ पहचान के खांचों में बांटते हैं? अगर हर प्रतिनिधित्व नई श्रेणियों में बंटेगा, तो क्या लोकतंत्र और जटिल नहीं हो जाएगा? यदि वर्तमान स्थिति देखें तो 18वीं लोकसभा के 543 सांसदों में से केवल 74 (लगभग 14%) महिलाएँ हैं, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि देश में महिला प्रतिनिधित्व सीमित है। ये महिला सांसद 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आई हैं जबकि केरल जैसे बड़े राज्य से एक भी महिला सांसद का निर्वाचित न होना इस असंतुलन को और उजागर करता है। दलगत दृष्टि से देखें तो भाजपा के सबसे अधिक 31 महिला सांसद हैं, इसके बाद कांग्रेस के 13 और तृणमूल कांग्रेस के 11 महिला सांसद हैं जो यह दिखाता है कि सभी प्रमुख दलों में महिला भागीदारी अभी भी सीमित दायरे में ही है।

**गजेंद्र सिंह**

# सम्मान और स्वावलंबन का नया अध्याय : होमगार्ड्स के वेतन बढ़ोतरी से उनके जीवन में आई खुशहाली'

## प्रदेश सरकार की सार्थक पहलः मृतक होमगार्ड्स के आश्रितों को रू0 05 लाख की आर्थिक सहायता



> उत्तर प्रदेश में होमगार्ड स्वयंसेवकों का योगदान लंबे समय से कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इनकी सेवा और समर्पण को सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा एक संवेदनशील और प्रभावी पहल की गई, जिसने हजारों परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में वर्ष 2017 के बाद का समय होमगाड्र्स के इतिहास में एक स्वर्णिम कालखंड के रूप में दर्ज किया गया है। इस अवधि के दौरान सरकार द्वारा लिए गए नीतिगत निर्णयों ने न केवल होमगाड्र्स के आर्थिक ढांचे को बदला, बल्कि उनके सामाजिक सम्मान और कार्यक्षमता को भी नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। यह परिवर्तन उस प्रतिबद्धता का परिणाम है, जिसने समाज की सुरक्षा में तैनात इन जवानों की मेहनत को उचित पहचान दिलाने का संकल्प लिया था। इस सुधार यात्रा की ठोस शुरुआत 27 अगस्त 2018 को हुई, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने होमगाड्र्स के ड्यूटी भत्ते को 375 रुपये प्रतिदिन से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। यह वृद्धि महज एक आर्थिक सुधार नहीं थी, बल्कि वर्षों हजारों जवानों के लिए एक आशा की किरण थी। प्रदेश सरकार ने इसने यह स्पष्ट संदेश दिया कि राज्य व्यवस्था उनकी सेवाओं का मूल्य समझती है। इस कदम के ठीक एक साल बाद, 23 सितंबर 2019 को मुख्यमंत्री जी ने एक और क्रांतिकारी कदम उठाया, जिसमे होमगाड्र्स के आर्थिक भविष्य को स्थायित्व प्रदान किया। इस आदेश के माध्यम से होमगाड्र्स के ड्यूटी भत्ते को पुलिस कार्मिकों के न्यूनतम मूल वेतन रुपये 18,000 के समकक्ष मानते हुए 600 रुपये प्रतिदिन निर्धारित कर दिया गया। इस निर्णय की सबसे दूरदर्शी विशेषता यह थी कि इसमें राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित होने वाले महंगाई भत्ते को भी जोड़ा गया।

प्रदेश सरकार की इस नीतिगत निर्णय का परिणाम हुआ कि सभी होमगाड्र्स जवान खुश होकर पूर्ण कार्यक्षमता से ड्यूटी कर रहे है। वर्तमान में, 58 प्रतिशत महंगाई भत्ते के समावेश के साथ होमगाड्र्स को 948 रुपये प्रतिदिन का ड्यूटी भत्ता प्राप्त हो रहा है। 2017 के पहले की तुलना में यह वृद्धि लगभग ढाई गुना से भी अधिक है, जो सीधे तौर पर उनके जीवन स्तर में सुधार ला रही है। आज होमगाड्र्स के जवान अपने परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को गरिमा एवं सम्मान के साथ पूरा कर रहे हैं। आर्थिक सुरक्षा ने उनके भीतर के तनाव को कम कर मनोबल को अभूतपूर्व ऊर्जा प्रदान की है। अब वे अधिक समर्पण, उत्साह और सक्रियता के साथ सार्वजनिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस सुधार नीति-निर्माण के केंद्र में संवेदन-शीलता और न्याय की भावना है, यह नीति न केवल एक विभाग को सशक्त बना रही है, बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और विश्वसनीय बना रही है। 06 दिसम्बर 2020 से एक महत्वपूर्ण निर्णय लागू किया गया, जिसके अंतर्गत प्रत्येक मृतक होमगार्ड-चाहे उनकी मृत्यु ड्यूटी के दौरान हुई हो या नहीं, दुर्घटना से हुई हो या अन्य किसी कारण से-सभी के आश्रितों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जा रही है। यह सहायता पूरी तरह से विभागीय बजट से दी जा रही है और इसकी प्रक्रिया को पारदर्शी व सरल बनाने के लिए ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया गया है।

इस योजना का प्रभाव व्यापक और सकारात्मक रहा है। अब तक कुल 3090 मृतक होमगाड्र्स के आश्रितों को 5 लाख रुपये की दर से कुल 154 करोड़ 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़ा केवल आर्थिक सहायता का नहीं, बल्कि सरकार की संवेद-नशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो अपने कर्मियों और उनके परिवारों के प्रति उत्तरदायित्व को दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त, दुर्घटनाओं में दिवंगत होने वाले होमगार्ड स्वयंसेवकों के आश्रितों के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विभाग ने विभिन्न बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर दुर्घटना बीमा की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इस पहल के अंतर्गत 127 मृतक होमगाड्र्स के आश्रितों को तथा 2 स्थायी रूप से विकलांग हो चुके स्वयंसेवकों को 30 से 40 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह सहायता संबंधित बैंकों द्वारा दी गई, जिससे प्रभावित परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिली।

यह पूरी पहल केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन परिवारों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य कर रही है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। इससे न केवल उनके जीवन-यापन में स्थिरता आई है, बल्कि भविष्य के प्रति उनका विश्वास भी मजबूत हुआ है।

सरकार का यह प्रयास दर्शाता है कि वह होमगार्ड जवानों के कल्याण के प्रति पूरी तरह से संकल्पित है। यह सफलता की कहानी उन हजारों परिवारों की है, जिनके जीवन में इस योजना ने नई उम्मीद, सम्मान और सुरक्षा का संचार किया है। ऐसी पहलें न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाती हैं, बल्कि समाज में सेवा और समर्पण की भावना को भी सुदृढ़ करती हैं।

**आशीष सिंह**

## प्रदेश में अवैध शस्त्रों की...

प्रभात श्रीवास्तव

# प्रदेश की एस0टी0एफ0 की सजगता व सतर्कता से विभिन्न अपराधों पर लगा अंकुश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशों के अनुपालन में जीरो टालरेंस की नीति के अन्तर्गत एस0टी0एफ0 द्वारा विगत 19 मार्च 2017 से 31 मार्च 2026 तक कुल 3258 विशेष सराहनीय कार्य किये गये हैं।

इस अवधि में अपराधियों के विरूद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत एस0टी0एफ0 की सजगता व सतर्कता के फलस्वरूप 672 से अधिक अपराधिक घटनाओं को घटित होने से पूर्व ही रोकते हुये आपराधिक योजनाओं को विफल किया गया है। जिसके फलस्वरूप जनप्रतिनिधि, प्रतिष्ठित व्यक्ति, आम नागरिक आदि के अपहरण, लूट, हत्या आदि जैसे अपराधों की घटनाओ को घटित होने से पहले ही रोकने मे कामयाबी प्राप्त की गई हैं।

इस अवधि में स्पेशल टास्क फोर्स (एस0टी0एफ0) द्वारा कुल 3258 सराहनीय कार्य किये गये है। जिनमें कुल 7647 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अवधि में कुल 1109 ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है तथा गिरफ्तारी के प्रयास के दौरान हुई मुठभेड़ में 77 ईनामी/कुख्यात अपराधी मारे गये है। एस0टी0एफ0 द्वारा पकड़े व मारे गये इन अपराधियों पर 10 हजार से 5 लाख रूपये तक की धनराशि का इनाम घोषित था।

वर्तमान सरकार के कार्यकाल में परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक




जैसी धांधली को रोकने एवं जड़ से समाप्त करने के लिये इस अपराध में लिप्त 215 मामलों में 1012 अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। यह कार्य प्रत्यक्ष रूप से युवाओं के भविष्य सृजन से सम्बंधित है और इससे युवा वर्ग में सरकार की साख बहुत बढ़ी है। साइबर अपराधों में लिप्त 448 साइबर अपराधियों को भी गिरफ्तार करते हुए वैधानिक कार्यवाही की गई है।

प्रदेश में अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 246 अपराधियों की गिरफ्तारी कर उनके कब्जे से 2347 अवैध शस्त्र व 11455 अवैध कारतूस बरामद किये गये। अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये विभिन्न प्रदेशों (पंजाब, हरियाणा आदि से) शराब की तस्करी करने वाले 540 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे 83059 पेटी शराब, 350866 लीटर रेक्टिफाइड स्प्रिट एवं 10460 लीटर तैयार देशी शराब बरामद की गयी है। एस0टी0एफ0 द्वारा मादक पदार्थों के अवैध व्यवसाय में लिप्त कुल 1250 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 98828.762 कि0ग्रा0 गांजा, 2169.128 कि0ग्रा0 चरस, 21534 कि0ग्रा0 डोडा/पोस्ता,10.05 कि0ग्रा0 मारफीन, 725.998 कि0ग्रा0 स्मैक, 21.521 कि0ग्रा0 हेरोइन, 209.954 कि0ग्रा0 अफीम, 6.1 कि0ग्रा0 ब्राउन शुगर, 7.75 कि0ग्रा0 मैथाड्रोन, 0.5 किग्रा0 मेफाड्रोन, 0.25 कि0ग्रा0 कोकीन, 0.523 ग्राम एम0डी0एम0ए0, 280995 अद्द प्रतिबन्धित नशीली दवाये एवं 6,80,960 एम0एल0 आक्सीटोसिन व परिवहन हेतु प्रयुक्त वाहनों की बरामदगी करते हुए सभी संबंधितों के विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही करायी गयी है। प्रदेश में प्रतिबन्धित वन्य जीवों का शिकार कर उनकी तस्करी करने वाले विभिन्न गिरोह के 200 अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 341 कि0ग्रा0 कछुआ कैलीपी, 2 पैगोलिन, 1.35 कि0ग्रा0 पैंगोलिन खाल, 1 बाघ की खाल, 18 कि0ग्रा0 बाघ की हड्डी, 22 अद्द बाघ के दॉत व 22 अद्द नाखून, 04 अद्द बाघ के जबडे 4 अद्द हाथी दांत, 10544 कछुए, 4922 प्रतिबन्धित पक्षी, 2032 अदद तोता, लकड़बग्घे का कंकाल, 20 अद्द ग्रे लंगूर, 1 तेदुआ की खाल व 4.12 कि0ग्रा0 अम्बरगे-रिस, 1 पैगोलीन स्कलप, 4 जंगली शुअर का दॉत, 563.1 कि0ग्रा0 लाल चन्दन की लकड़ी, 44 हाथी दॉत से बनी वस्तुए, 25 अद्द तेदुआ के दॉत व 24 अद्द तेदुआ के नाखून, 110 सियार सिंधी, 140 इन्द्रजाल के पेड़, 1 बाघ का ढांचा, 1 अजगर, 1 स्नैक, 85 नग तीतर (मृत), 64 अदद प्लम हेडेड पैरेट, 15 अदद रेड मुनिया, 08 अदद रिंग नेक पैरेट, 10 अदद ट्राई कलर मुनिया, 05 अदद तीतर (जीवित), 05 अदद सिल्वर ह्वील, 01 अदद अलेक्जेण्डराई पैरेट, 01 अदद लेसर व्हीसलिंग टील तथा इनके लिए प्रयुक्त किये जाने वाले वाहन, नगद धनराशि आदि की बरामदगी की गयी।

## सीधा इजाफा...

बी0एल0 यादव

# खाद्य प्रसंस्करणः किसानों की आय युवाओं के रोजगार और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नई पहचान

उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका का साधन नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। उत्तर प्रदेश न केवल देश का सबसे बड़ा कृषि उत्पादक राज्य है, बल्कि विविध फसलों, फल, सब्जियों, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। इसी मजबूत आधार को और सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र को नई दिशा और गति दे रही है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के माध्यम से किसानों, युवाओं और उद्यमियों के लिए आय और रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। यह पहल न केवल कृषि उत्पादों का मूल्य बढ़ा रही है, बल्कि 'फार्म से फोर्क तक' एक सशक्तए आधुनिक और पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला भी तैयार कर रही है।

खाद्य प्रसंस्करण आज वह क्षेत्र बन चुका है, जहां किसान अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं और युवा रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पहले जहां किसान अपनी उपज को कच्चे रूप में बेचने को मजबूर होते थे, वहीं अब प्रसंस्करण के माध्यम से उसी उत्पाद को मूल्यवर्धित कर कई गुना अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। टमाटर से सॉस, आम से जूस और पल्प गेहूं से पैकेज्ड उत्पाद, दूध से पनीर और अन्य डेयरी उत्पाद बनाकर बाजार में बेहतर कीमत प्राप्त की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी और विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता योजनाएं इस क्षेत्र को और अधिक आकर्षक बना रही हैं। पूंजी निवेश पर अनुदान, स्टाम्प शुल्क में छूट, बिजली दरों में रियायत और प्रशिक्षण सुविधाएं उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग इस क्षेत्र में निवेश और उद्यम स्थापना के लिए प्रेरित हो रहे हैं। सरकार की नीति का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय किसानो और दुग्ध उत्पादकों से सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे किसानों की आय में सीधा इजाफा हो रहा है और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। इसके साथ ही इकाइयों को उच्च गुणवत्ता और मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र और उत्पादन क्षमता के मानदंड भी निर्धारित किए गए हैं, जिससे उद्योग में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे। नीति के अंतर्गत फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, रेडी.टू.इंट और रेडी.टू.कुक उत्पादए मसाले, मशरूम, शहद, सोयाबीन, कोको उत्पाद, गुड़ आधारित वैल्यू एडेड उत्पाद, फ्रूट जूस, डेयरी उत्पाद, कार्बोनेटेड पेय पदार्थ और मछली चारा निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। यह विविधता उत्तर प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण के एक बड़े हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस नीति का सकारात्मक प्रभाव अब जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बड़ी कंपनियों के साथ-साथ छोटे और मध्यम स्तर के उद्यमी भी इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कॉर्पोरेट क्षेत्र से सेवानिवृत्त विशेषज्ञ, उच्च शिक्षित युवा और विदेशों से लौटे प्रोफेशनल्स उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं।

## जरा हटके

## आज नेहा कॉलेज...

डॉ0 शिवानी कटारा

# सुमंगला से संवरते सपने

उत्तर प्रदेश के सामाजिक और शैक्षिक परिदृश्य में बीते कुछ वर्षों में एक शांत लेकिन गहरा परिवर्तन देखने को मिला है। इस बदलाव की धड़कन गांव-गांव में सुनाई दे रही है-जहां कभी बेटियों की पढ़ाई को बोझ समझा जाता था, वहीं आज वही बेटियां परिवार की उम्मीद और भविष्य की दिशा बन रही हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, जिसने हजारों परिवारों की सोच और परिस्थितियों को बदलने का काम किया है। इसी परिवर्तन की एक जीवंत मिसाल है उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव रदौली रदौली, जिला कन्नौज की रहने वाली 19 वर्षीया नेहा की कहानी-एक ऐसी कहानी, जो संघर्ष से शुरू होकर आत्मविश्वास और उपलब्धि तक पहुंचती है। एक साधारण मजदूर परिवार में जन्मी नेहा के लिए बचपन से ही जीवन आसान नहीं था। उसके पिता दिहाड़ी मजदूर थे और मां खेतों में काम करके घर चलाने में हाथ बंटाती थीं। सीमित आय, बढ़ती जिम्मेदारियां और समाज की परंपरागत सोच-इन सबके बीच नेहा का बचपन बीता, जहां लड़कियों की पढ़ाई अक्सर प्राथमिक कक्षाओं के बाद थम जाती थी। लेकिन नेहा की किस्मत ने एक अलग रास्ता चुना। उसके जन्म के समय ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सलाह पर उसका पंजीकरण मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में कर दिया गया। उस समय यह एक साधारण औपचारिकता लगी, लेकिन धीरे-धीरे यही निर्णय उसकी जिंदगी की सबसे मजबूत नींव बन गया। योजना के तहत मिलने वाली छोटी-छोटी आर्थिक सहायता उसके जीवन में ऐसे समय पर आई, जब हर कदम पर रुकने की आशंका थी। जन्म के समय मिली राशि ने परिवार को बेटी के जन्म के प्रति एक नई संवेदना दी, तो टीकाकरण और शुरुआती पढ़ाई के दौरान मिली सहायता ने यह सुनिश्चित किया कि नेहा



स्कूल तक पहुंच सके। जब उसने कक्षा एक में प्रवेश लिया, तो पहली बार उसके हाथों में नई किताबें और स्कूल की यूनिफॉर्म आईं। यह सिर्फ सामान नहीं था, बल्कि उसके सपनों का पहला आकार था। कक्षा छह और नौ तक पहुंचते-पहुंचते, हर बार मिलने वाली सहायता ने एक अदृश्य सहारा बनकर उसकी पढ़ाई को जारी रखा। धीरे-धीरे उसके परिवार की सोच भी बदलने लगी। जहां कभी यह सवाल उठता था कि ष्लड़की को इतना पढ़ाकर क्या करना हैष्, वहीं अब यह विश्वास बनने लगा कि पढ़ाई ही उसकी जिंदगी बदल सकती है। नेहा पढ़ाई में तेज थी। उसने 10वीं और फिर 12वीं अच्छे अंकों से पास की, लेकिन यहीं आकर उसकी राह सबसे कठिन हो गई। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर थी और परिवार पर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ता जा रहा था। एक बार फिर वही पुराना सवाल सामने खड़ा था-क्या अब पढ़ाई यहीं रुक जाएगी? शादी की बातें होने लगीं और नेहा के सपने जैसे ठहरने लगे। उसी समय योजना की अंतिम किस्त उसके खाते में आई। यह राशि बहुत बड़ी नहीं थी, लेकिन उसके लिए यह उम्मीद की सबसे बड़ी किरण बन गई। इसी मदद से उसने पास के कॉलेज में स्नातक में दाखिला लिया। उस दिन नेहा ने सिर्फ कॉलेज में प्रवेश नहीं लिया, बल्कि अपनी जिंदगी के नए अध्याय में कदम रखा। नेहा कहती है, 'अगर उस समय मदद नहीं मिलती, तो मेरी पढ़ाई यहीं खत्म हो जाती। आज मैं जो भी हूं, उसमें इस योजना का बहुत बड़ा योगदान है।'

आज नेहा कॉलेज की छात्रा है। सुबह घर के काम, दिन में पढ़ाई और शाम को गांव की छोटी बच्चियों को पढ़ाना यह उसकी नई दिनचर्या है। वह अब सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन सभी बेटियों के लिए पढ़ रही है, जो कभी अपने सपनों को अधूरा छोड़ देती थीं। उसकी मां की आंखों में अब चिंता नहीं, गर्व झलकता है। वह कहती हैं, ष्पहले लगता था बेटी बोझ है, अब वही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।ष् नेहा की यह यात्रा केवल व्यक्तिगत संघर्ष और सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक परिवर्तन का संकेत भी है।

वर्ष 2024-25 से प्रभावी स्वरूप में संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ने उत्तर प्रदेश में बेटियों की शिक्षा को एक मजबूत आधार दिया है। इस योजना के तहत जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक छह चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना में जन्म पर 5000, टीकाकरण के समय ₹2000, कक्षा एक में ₹3000, कक्षा छह में 3000, कक्षा नौ में 5000 और स्नातक या डिप्लोमा में प्रवेश पर 7000 की सहायता दी जाती है। यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाती है, जिससे प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और भरोसेमंद बनी रहती है। अब तक 27 लाख से अधिक बालिकाएं इस योजना का लाभ उठा चुकी हैं और सैकड़ों करोड़ रुपये सीधे उनके भविष्य में निवेश किए जा चुके हैं। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित यह व्यवस्था आवेदन से लेकर भुगतान तक हर चरण को सरल और सुगम बनाती है। आवेदन प्रक्रिया भी बेहद आसान है। इच्छुक अभिभावक आधिकारिक पोर्टल ङोल.नच.हवअ.पद पर जाकर घर बैठे पंजीकरण कर सकते हैं या नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र की सहायता ले सकते हैं। भविष्य को सशक्त बनाने में प्रभावी भूमिका निभाए। पात्रता के अनुसार, लाभार्थी परिवार उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए और उसकी वार्षिक आय 3 लाख से कम होनी चाहिए। एक परिवार की अधिकतम दो बेटियां इस योजना का लाभ ले सकती हैं। विशेष परिस्थितियों में, जैसे दूसरे प्रसव में जुड़वा बेटियां होने पर तीसरी बालिका को भी शामिल किया जाता है। योजना का लाभ उन बालिकाओं को मिलता है जिनका जन्म 1 अप्रैल 2019 या उसके बाद हुआ हो। ये सभी प्रावधान इस बात को सुनिश्चित करते हैं कि सहायता वास्तव में जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचे और बेटियों के भविष्य को सशक्त बनाने में प्रभावी भूमिका निभाए।

# चेहरे पर केक लगाने पर भड़का, पत्नी बोलीं- खून के बदले खून चाहिए, इलाके में फ्लैग मार्च

# बुलंदशहर में बर्थडे बॉय ने 3 दोस्तों को मार डाला

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

बुलंदशहर । बुलंदशहर में जन्मदिन पार्टी के दौरान भाजपा नेता के भाई, चचेरे भाई और भतीजे की हत्या कर दी गई। शनिवार रात 12 बजे जिम में पार्टी चल रही थी। चश्मदीदों ने बताया कि भाजपा नेता के चचेरे भाई ने बर्थडे बॉय के चेहरे पर केक लगा दिया।

इससे वह भड़क गया। पहले कहासुनी हुई। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर भाजपा नेता के भाइयों-भतीजे पर



अंधाधुंध फायरिंग कर दी। तीनों की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी भाग गए।

मामला खुर्जा के RJS फिटनेस जिम का है। मुख्य आरोपी जीतू सैनी बसपा का नगर अध्यक्ष रह चुका है। फायरिंग में मनीष सैनी (30), आकाश सैनी (19) और अमरदीप सैनी (32) की मौत हुई है। मनीष वार्ड नंबर-

**वारदात के बाद इलाके में तनाव है। भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती गई है। आसपास के बाजारों को बंद करा दिया गया है। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। 10 थानों के 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी इलाके में फ्लैग मार्च कर रहे हैं।**

24 के भाजपा सभासद संजय सैनी के छोटे भाई थे। आकाश उनके भतीजे और अमरदीप चाचा के लड़के थे। भाजपा सभासद संजय सैनी ने बताया

## अमरदीप की बहन बोली- खून के बदले खून चाहिए

अमरदीप की पत्नी सिमरन का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने हाथ जोड़कर कहा कि मुझे इंसाफ चाहिए। सब कुछ प्लानिंग के तहत हुआ। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। बहन राधा ने कहा कि आरोपियों के घर और फैक्ट्रियों पर बुलडोजर चलना चाहिए। हमें खून के बदले खून चाहिए। वहीं, मनीष की बहन रजनी ने कहा- भाई को दावत के बहाने बुलाया गया और फिर उन्हें बेवजह मार दिया गया। मुझे भाई के खून का बदला चाहिए। सीएम योगी से मांग है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

## तीनों शव खुर्जा पहुंचे

शाम करीब 4.15 बजे तीनों शव खुर्जा स्थित घर पहुंच गए हैं। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। करीब 16 थानों की पुलिस फोर्स और सभी सीओ को एसपी सिटी अभिषेक प्रताप के नेतृत्व में तैनात किया गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पीएसी की दो कंपनियां तैनात की गई हैं। तीनों मृतकों के घर आमने-सामने हैं।




कि जीतू का शनिवार को बर्थडे था। उसने पार्टी में दोस्तों को बुलाया था। मेरा भाई, चचेरा भाई और भतीजा पार्टी में शामिल होने गए थे। भाई के दोस्त और जिम संचालक रूपेश सैनी ने मुझे फोन कर घटना की सूचना दी। आनन-फानन में मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।

# दूल्हे की लटकती लाश मिली शाम को बारात निकलनी थी

## बरेली में हल्दी की रात डीजे पर जमकर नाचा

तमसा संकेत, एजेंसी

दीनानाथ। बरेली में बारात निकलने के चंद घंटों पहले दूल्हे ने आम के पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी। सुबह जब बारात निकलने के पहले की रस्मों के लिए घरवाले ढूंढ़ने लगे तो दूल्हा घर पर नहीं मिला। परिजन खोजने लगे तो घर से करीब 500 मीटर दूर उसका शव लटकता हुआ मिला।

शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं। रिश्तेदारों से भरे घर में कोहराम मच गया। बेटे का शव देखकर मां बेसुध हो गई। रो-रोकर बेहाल पिता कहते रहे- बेटे के लिए अपनी पसंद का कोट-पैंट लाया था।

शनिवार का यह मामला शाही क्षेत्र के सुभाषनगर का है। युवक ही पहचान 23 साल के देवेंद्र कुमार मौर्य के रूप में हुई है। 25 अप्रैल यानी आज ही शाम को उसकी बारात निकलनी थी। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, अभी तक यह


देवेंद्र कुमार मौर्य, मृतक

स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि, पुलिस ने प्रथमदृष्टया इसे आत्महत्या करार दिया है लेकिन जीजा ने शंका जताते हुए जांच की मांग की है। किसान रामदास मार्य अपनी पत्नी नन्हीं देवी और तीन बेटे-बेटियों अनिल, देवेंद्र और गीता के साथ सुभाषनगर में रहते हैं। बड़े बेटे अनिल की शादी हो चुकी है। छोटे बेटे देवेंद्र कुमार आर्य की बारात शनिवार को रिठौरा नवाबगंज के उधन्नापुर गांव में जानी थी।

शादी की रस्में धूमधाम से चल रही थीं। अधिकतर रिश्तेदार पहुंच चुके थे। परिजन के अनुसार, शुक्रवार को हल्दी की रस्म थी। देर रात करीब 2 बजे तक डीजे पर डांस होता रहा।

**फास्ट न्यूज**

### पुलिस में 1008 नए आरक्षी भर्ती

गाजीपुर। गाजीपुर के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एडीजी पीयूष मार्डिया की उपस्थिति में रिक्रूट आरक्षियों का पासिंग आउट हुआ। इस समारोह में कुल 690 आरक्षियों ने पासिंग आउट किया, जिससे जनपद में आरक्षियों की कुल संख्या बढ़कर 1008 हो गई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुभव शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा, एसपी सिटी राकेश कुमार मिश्रा और एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर भी मौजूद रहे।

### मां-बाप और बेटे की एक साथ उठी अर्थी

गोरखपुर। गोरखपुर में बेटी की शादी कर लौटते वक्त हादसे का शिकार हुए एक परिवार के तीन सदस्यों की अर्थियां एक साथ उठीं। ससुराल से आई नवविवाहित बेटी ने परिवार के पालतू डॉग 'रुद्र' को अपने हाथों से दफनाया। शादी के बाद पहली बार मायके आई बेटी ने नम आंखों से 'रुद्र' को मिट्टी दी।

सुबह मां, बाप और भाई की अर्थियां एक साथ सजाई गईं। फिर उन्हें एक गाड़ी में रखकर राजघाट श्मशान घाट ले जाया गया, जहां भतीजे ने तीनों चिताओं को मुखाग्नि दी। बेटी की शादी कर लौट रहे माता-पिता और भाई सहित पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

### मां की गोद से बच्चा किडनैप

गोरखपुर। गोरखपुर में एक महिला को तेज रफ्तार बोलेरो से टक्कर मारकर बदमाशों ने घायल कर दिया और उसके डेढ़ साल के मासूम बेटे को किडनैप करके फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

महिला बीमार बेटे को दवा दिलाने के लिए चौराहे पर गई थी। लौटते समय घर से कुछ दूर पहले ही इस घटना को अंजाम दिया गया।

## भीषण गर्मी के बीच जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थल का किया औचक निरीक्षण



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड मसौली अन्तर्गत गौ आश्रय स्थल प्यारेपुर सरैया का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों के लिए उपलब्ध पेयजल, चारा, छायादार व्यवस्था तथा समुचित संरक्षण संबंधी व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने वर्तमान भीषण गर्मी को देखते हुए गौ आश्रय स्थलों पर पर्याप्त पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा गर्मी से बचाव हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुदृढ़ रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि गौवंशों के संरक्षण में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी व्यवस्थाएं संवेदनशीलता के साथ संचालित हों। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि टीन शेड के ऊपर धूप से बचाव हेतु टाट की बोरी नहीं डाली गई थी, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्मी के मद्देनजर शेडों के ऊपर टाट/अन्य उपयुक्त सामग्री डालकर तापमान नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे गौवंशों को राहत मिल सके।

# 55 जिलों में लू चल रही, घर से बाहर न निकलने की सलाह, पारा 47.4 डिग्री सेल्सियस

# ललितपुर में बदला मौसम आंधी के साथ झमाझम बारिश

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, लखनऊ। यूपी भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। सीजन में पहली बार तापमान 47C के पार पहुंच गया है। पिछले 24 घंटों में बांदा देश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां गर्मी ने पिछले 4 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां दिन का तापमान 47.4C रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले 2022 में 30 अप्रैल को यहां पारा 47C के पार गया था।

वाराणसी में अप्रैल महीने में चौथी बार दिन का तापमान 45C पहुंचा है। इससे पहले, 30 अप्रैल 2019 में सबसे ज्यादा तापमान 45.3C



रिकॉर्ड किया गया था। इस बीच, दोपहर बाद ललितपुर में अचानक मौसम बदल गया। तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हो रही है। बाकी जिलों में तेज धूप है। 55 शहरों में लू चल रही है। गोरखपुर चिड़ियाघर में भालू पानी से बाहर नहीं आ रहा है।

मौसम विभाग (IMD) ने आज 55 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। दोपहर के वक्त ज्यादातर शहरों में तापमान 42C से 45C के बीच रहने का अनुमान जताया है। लोगों को खासतौर पर दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। बच्चों और बुजुर्गों का

**ललितपुर में रविवार को सुबह से पड़ रही गर्मी के बीच दोपहर 2:40 बजे मौसम अचानक बदल गया। तेज हवा चलने लगी। तेज बारिश हुई। लोगों को गर्मी से राहत मिली। रविवार को दोपहर ढाई बजे अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**



## प्रयागराज डीएम बोले- तापमान बहुत बढ़ गया है, लोग सिर ढककर बाहर निकलें

प्रयागराज के DM मनीष कुमार वर्मा ने कहा, तापमान बहुत बढ़ गया है और इसी तापमान में लू लगने की संभावना बहुत ज्यादा रहती है। इसी को लेकर हमने एडवाइजरी जारी की है। स्कूलों के समय को भी बदला गया है। जब कोई बाहर निकले तो अपना सिर ढककर निकले। लोग पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयों सहित बाकी व्यवस्थाएं भी कर दी गई हैं। हम वॉटर ATM भी लगवा रहे हैं।

विशेष ध्यान रखने को कहा है। इससे पहले, शनिवार को देश के सबसे गर्म 41 शहरों में से 14 शहर उत्तर प्रदेश के थे। बांदा का तापमान सऊदी अरब और पाकिस्तान के जैकोबाबाद से भी ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। सऊदी अरब में 31C और पाकिस्तान के जैकोबाबाद में 44C तापमान दर्ज किया गया।

# थार से रिटायर्ड रजिस्ट्रार को रौंदा

## 20 मीटर तक स्कूटी घिसटी, बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी कैंपस में दौड़ा रहे थे

तमसा संकेत, एजेंसी

झांसी । झांसी की बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में 4 पुलिसवालों ने THAR गाड़ी से रिटायर्ड असिस्टेंट रजिस्ट्रार मनीराम वर्मा (70) को कुचल दिया। इसके बाद वह THAR के अगले पहिए के नीचे दब गए। 20 मीटर घिसटने के बाद उनकी स्कूटी भी THAR के नीचे फंस गई।

हादसे के बाद पुलिसवालों ने THAR रोकी और गाड़ी छोड़कर भाग गए। सिक्योरिटी गार्डों ने अन्य लोगों की मदद से THAR को हटाया। मनीराम वर्मा को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस THAR कब्जे में लेकर जांच कर रही है।

मनीराम वर्मा के एक रिश्तेदार आशीष ने बताया- आज मेरा ललितपुर में होमगार्ड का पेपर था। मैं बाइक से पेपर देने जा रहा था। जब परीक्षा भवन के गेट के पास से


मनीराम वर्मा, मृतक

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार को यूनिवर्सिटी के परीक्षा भवन में होमगार्ड का पेपर चल रहा था। वहीं से पुलिसवाले थार लेकर निकले थे। वो कैंपस के अंदर थार को तेज स्पीड में दौड़ा रहे थे। देर रात गाड़ी चला रहे सिपाही रजत को गिरफ्तार कर सस्पेंड कर दिया गया।**

निकला, तो मैंने THAR के नीचे स्कूटी और एक व्यक्ति को दबा देखा। उनके सिर्फ पैर दिख रहे थे। मुझे यह नहीं पता था कि THAR के नीचे मेरे दादाजी दबे हैं। मैं जल्दबाजी में परीक्षा देने चला गया। जब 8 किलोमीटर दूर हंसारी पहुंचा, तब मेरे पिता का फोन आया। उन्होंने एक्सीडेंट में दादा की मौत होने की बात बताई। इसके बाद मैं पेपर छोड़कर घर लौट आया।

### घर का सामान लेने जा रहे थे

मनीराम वर्मा एरच थाना क्षेत्र के भदरवारा गांव के रहने वाले थे। वह बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में असिस्टेंड रजिस्टार के पद से रिटायर हुए थे। परिवार के साथ यूनिवर्सिटी कैंपस में ही रहते थे।

मनीराम के बेटे गिरीश कुमार ने बताया- शनिवार दोपहर करीब 12 बजे पिता घर से स्कूटी लेकर निकले थे। वो कैंपस के बाहर दुकान से सामान लेने जा रहे थे। तभी कैंपस के अंदर परीक्षा भवन की तरफ से तेज गति में आ रही काले रंग की THAR गाड़ी ने पापा की स्कूटी को टक्कर मार दी।

गाड़ी में 4 पुलिसकर्मी खाकी वर्दी पहनकर बैठे थे। वो सभी हादसे के बाद गाड़ी छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने पर हम लोग मौके पर पहुंचे। तब तक स्टाफ के लोग पिता को अस्पताल ले जा चुके थे। हम लोग वहां पहुंचे तो पता चला कि पापा की मौत हो गई है।

### पोता बोला- पहिए के नीचे दबे थे

गिरीश कुमार ने बताया- घटनास्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर परीक्षा भवन में होमगार्ड का पेपर चल रहा था। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- THAR इसी तरफ से आ रही थी। तेज धमाके की आवाज सुनकर हम लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन, तब तक वर्दी पहने 4 पुलिसकर्मी गाड़ी के अंदर से बैग उठाकर भाग गए। स्कूटी THAR के नीचे फंसी थी। THAR का अगला पहिया मनीराम वर्मा के ऊपर चढ़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद THAR को हटाया।

# शादाब जकाती ने बिना अनुमति निकाला रोड शो

## ज्वेलरी शोरूम की ओपनिंग में जुटाई भीड़

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ । 10 रुपए का बिस्कुट कितने का है जीफेम सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शादाब जकाती पर बिना अनुमति रोड शो निकालने के मामले में मुकदमे दर्ज किया गया है। आज शादाब ने जकाती ज्वेलर्स नाम से अपना ज्वेलरी शोरूम शुरू किया है। इसी में रोड शो के दौरान हापुड़ अड्डे पर भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई। इस प्रोग्राम क्रिकेटर रिंकू सिंह की बहन नेहा सिंह सहित तमाम इंफ्लूएंसर भी पहुंचे थे।

बताया जा रहा है कि नौचंदी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शादाब जकाती के रोड शो को रुकवाया। साथ ही वहां जो भीड़ जमा थी वो छंटवाई। इसके बाद पुलिस ने जकाती पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शादाब जकाती ने 26 अप्रैल को मेरठ में जकाती ज्वेलर्स



नाम से अपना ज्वैलरी शोरूम शुरू किया है। इसी शोरूम की ओपनिंग के मौके पर शादाब जकाती ने बिना अनुमति रोड शो निकाला। इसमें काफी भीड़ इकट्ठी हो गई। इस प्रोग्राम में क्रिकेटर रिंकू सिंह की बहन नेहा सिंह सहित तमाम इंफ्लूएंसर भी पहुंचे। इसके चलते सड़क पर अफरा-तफरी मचने वाले हालात हो गए। अचानक मौके पर हालात बिगड़ गए। इसके बाद सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पहले भीड़ को हटाकर रास्ता क्लियर कराया।

**दुर्घटना : 14 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहा था, भाई बोला- जेई ने लात मारकर धकेला**

# अलीगढ़ में मजदूर पर गिरा मिट्टी का टीला, जिंदा दफन

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़ । अलीगढ़ में मिट्टी के टीले में दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। वह 14 फीट गहरे गड्ढे में पानी की पाइपलाइन सही कर रहा था। जेसीबी से मिट्टी हटाकर साथियों ने उसे बाहर निकाला। अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें मिट्टी का टीला गिरता दिख रहा है। मजदूर के बड़े भाई ने बताया कि मिट्टी धसक रही थी। मेरे भाई ने गड्ढे में जाने से मना किया था। लेकिन, जेई ने गाली-गलौज कर और लात मारकर



उसे जबरन गड्ढे में धकेल दिया। हादसे के बाद जेई मौके से भाग निकला। इसके बाद मजदूर के घरवालों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने पुलिस से शव खींच लिया। करीब एक घंटे तक हंगामा चलता रहा। पुलिस ने कार्रवाई का अश्वासन दिया, तब लोग शांत हुए। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना शनिवार दोपहर 2 बजे की रेलवे रोड की है। राजकुमार ने बताया- यह काम किसी ठेकेदार को टेंडर देकर नहीं कराया जा रहा था। जेई खुद पैसे कमाने के चक्कर में प्राइवेट तरीके से मजदूरों को बुलाकर काम करवा रहा था। मौके पर कोई सुरक्षा



### पानी की पाइप लाइन सही करने उतरा था

अलीगढ़ के जवां में रहने वाला महेंद्र (32) मजदूर था। वह अलीगढ़ में किराए के कमरे में परिवार के साथ रहता था। महेंद्र के परिवार में पत्नी और 2 बच्चे हैं। एक 16 साल का बेटा और 11 साल की बेटी है। रेलवे रोड पर सीवर लाइन डाली गई थी। इस दौरान पानी की पाइपलाइन फट गई थी। जलकल विभाग ने पाइपलाइन ठीक करने के लिए करीब 14 फीट गड्ढा खोदा था। शनिवार को पाइप-लाइन ठीक की जा रही थी। महेंद्र के भाई राजकुमार ने बताया- गड्ढा करीब 14 फीट गहरा था। उसकी मिट्टी ऊपर से दरक रही थी। मैंने जेई नरेंद्र सिंह के हाथ जोड़े। उनसे कहा कि अभी मिट्टी गिर रही है। अभी काम बंद कर दो, हमारी जान को खतरा है।

### घरवालों की पुलिस से नोकझोंक हुई

राजकुमार ने बताया- मेरा भाई पाइपलाइन को ठीक कर रहा था। तभी मिट्टी का बड़ा हिस्सा उसके ऊपर गिर गया। वह इसके नीचे दब गया। मौके पर मौजूद जेसीबी से मिट्टी हटाई गई। मैं और अन्य साथी भाई को लेकर जिला अस्तपाल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद घरवालों ने हंगामा कर दिया। शव पोस्टमॉर्टम के लिए लेकर जा रही पुलिस से उनकी नोकझोंक हो गई। लोगों ने पुलिस से शव छीन लिया। सूचना पर थाना बन्नादेवी पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंच गई।

# डीएम ने जल जीवन मिशन कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की

## 80 प्रतिशत से अधिक पूर्ण परियोजनाओं के सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश, लापरवाही पर उत्तरदायित्व होगा तय

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी ने तहसील हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम ओहरामऊ व नगर पंचायत हैदरगढ़ पहुंचकर जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों एवं निर्मित पानी की टंकी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों से संवाद कर मौके की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का स्थलीय आकलन किया।

जिलाधिकारी ने पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों के पुनर्स्थापना (रेस्टोरेशन) कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर सड़क मरम्मत कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने



नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन के 80 प्रतिशत या उससे अधिक कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां नोडल अधिकारी नामित कर चेकलिस्ट के आधार पर सत्यापन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां-जहां सड़कों को पूर्व स्थिति में नहीं लाया गया है, वहां तत्काल कार्य पूर्ण कराते हुए गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस कार्य की निगरानी संबंधित उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों तथा शहरी क्षेत्रों में उपजिलाधिकारी एवं संबंधित नगर निकाय के अधिशासी अधिकारियों द्वारा की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत हैदरगढ़ में स्थापित की जा रही पानी की टंकियों एवं पाइपलाइन कार्यों के कारण खोदी गई सड़कों की मरम्मत का पैदल चलकर निरीक्षण किया।

### आधी गर्दन खाई, 50 मीटर दूर मिला शव, शोर मचाने पर लाश छोड़कर भागा अफसरों ने परिजनों को समझाकर शांत कराया

# महिला को घर से खींच ले गया तेंदुआ

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

लखीमपुर-खीरी । लखीमपुर खीरी में तेंदुए ने महिला को मार डाला। शनिवार देर रात महिला घर के बाहर चारपाई पर सो रही थी, तभी तेंदुए ने हमला कर दिया। महिला की गर्दन को अपने जबड़े में दबोचकर भागने लगा।

महिला की चीख सुनकर पति और ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर पीछा किया, लेकिन तेंदुआ महिला को लेकर भाग निकला। आधे घंटे बाद महिला का शव घर से 50 मीटर दूर खेत में मिला। तेंदुआ महिला की गर्दन बुरी तरह खा चुका था।

घटना के बाद गुस्साए परिजन शव रखकर धरने पर बैठ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने कोशिश की तो परिजनों ने हंगामा कर दिया। कहा- जब तक तेंदुए को पकड़ा नहीं जाएगा, तब तक पोस्टमॉर्टम नहीं होने देंगे। हालांकि, बाद में अफसरों ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। पूरा मामला सिंगाही थाना क्षेत्र का है।



### एसडीएम राजीव निगम मौके पर पहुंचे

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम राजीव निगम और सीओ शिवम कुमार भी मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने की कोशिश की। अधिकारियों ने परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। साथ ही पुलिस और वन विभाग को जरूरी निर्देश भी दिए हैं।

### वन विभाग और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी, शव लेने से रोका

महिला की मौत से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। महिला का शव सड़क पर वन विभाग और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। आरोप लगाया कि इलाके में तेंदुए की मूवमेंट की खबर होने के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया। उत्तर निघासन वन रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह जब घटनास्थल पर पहुंचे तो गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दौड़ा लिया। हालात बिगड़ते देख मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षा घेरा बनाकर रेंजर को सुरक्षित बाहर निकाला।



> हंगामे के बाद गांव छावनी में तब्दील हो गया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। एहतियातन निघासन, सिंगाही, तिकुनिया, पढ़ुआ समेत पांच थानों की पुलिस गांव में लगाई गई है।

सिंगाही थाना प्रभारी दिलीप कुमार चौबे ने बताया- तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अतिरिक्त फोर्स बुलाई गई है। ग्रामीणों को समझाया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

### चारपाई पर सोते वक्त किया हमला

साहिंजना गांव के रहने वाले माता प्रसाद (35) खेती-किसानी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उन्होंने बताया- शनिवार रात मैं घर के पास बने बंगले (कुश का घर) में मिट्टी पटाई का काम कर रहा था। पत्नी संध्या देवी (32) बेटे गोलू (3) को खाना खिलाकर घर के बाहर चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर सोने चली गई। परिवार के लोग घर में थे। तभी अचानक तेंदुआ आया और पत्नी को चारपाई से घसीटकर ले गया। मैं और ग्रामीण शोर मचाते हुए पीछे दौड़े, तेंदुआ नहीं रुका।

कुछ ही पलों में वह अंधेरे में गायब हो गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और ग्रामीण ने पत्नी को खोजबीन शुरू की। काफी देर तक खेतों, मेड़ों और आसपास की झाड़ियों में सर्च ऑपरेशन चला। करीब आधे घंटे बाद पत्नी का शव एक खेत में पड़ा मिला।

# रिजर्व पुलिस लाइन में दीक्षांत परेड समारोह हुआ सम्पन्न

शपथ

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र, आगरा शैलेश कुमार पाण्डेय का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित परिजनों एवं नागरिकों की मौजूदगी में नव-आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी के साथ सेवा करने की शपथ दिलाई गई। परेड के दौरान नव-आरक्षियों ने शानदार अनुशासन और प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों द्वारा सराहना की गई।

समारोह में जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने नव-आरक्षियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया।



■ डीआईजी शैलेश कुमार पाण्डेय रहे मुख्य अतिथि, एसएसपी ने किया स्वागत

फास्ट न्यूज

### 25 फीट गहरे बेसमेंट ने खोली सिस्टम की पोल

आगरा । आगरा के भैरों बाजार में नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे निर्माण ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है। निर्माणाधीन कृष्णा मेट्रो मॉल के लिए बिल्डर ने 25 फीट से ज्यादा गहरा बेसमेंट खोद डाला। नतीजा यह हुआ कि पड़ोस में खड़ी दशकों पुरानी इमारत भरभराकर ढह गई। सबसे बड़ा सवाल खुदाई से निकली हजारों मीट्रिक टन मिट्टी को लेकर है।

### पीएम-मोदी की रैली में 2600 सरकारी बसें कार्यकर्ताओं को ढोएंगी

कानपुर। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने 29 अप्रैल 2026 को हरदोई में गंगा एक्सप्रेस वे के उद्घाटन कार्यक्रम में 2600 सरकारी बसों को 1 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं के आने- जाने के लिए लगाई गई है। इस संबंध में कानपुर परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा पत्र जारी कर कानपुर क्षेत्र से कुल 320 सरकारी बसें जाएगी। 45°C तापमान को देखते हुए कानपुर-लखनऊ, कानपुर- प्रयागराज, कानपुर- झांसी रूट पर यात्रियों को और परेशानियां बढ़ेगी।

### आगरा में शिक्षक दंपती का सुसाइड का मामला

आगरा। आगरा के जगदीशपुरा क्षेत्र के रहने वाले शिक्षक दंपती की मौत के मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। पत्नी की संदिग्ध मौत के एक दिन बाद लखनऊ के होटल में मृत पाए गए पति जितेंद्र गोयल के परिजनों ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर और दबाव के कारण ही जितेंद्र ने यह कदम उठाया।

# बेटी की शादी से पहले पिता की दर्दनाक मौत

## बंदरों के हमले से छत से गिरा युवक

तमसा संकेत, संवाददाता

फरह (मथुरा)। शादी की तैयारियों के बीच एक परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब बंदरों के हमले में एक पिता की दर्दनाक मौत हो गई। घटना थाना फरह क्षेत्र के पीगरी गांव की है, जहां अमर सिंह (पुत्र श्यामलाल) की छत से गिरने के बाद मौत हो गई। रविवार सुबह अमर सिंह अपनी बेटी की शादी की तैयारियों के तहत घर की छत पर गेहूं सुखाने गए थे। इसी दौरान बंदरों के एक झुंड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले से घबराकर वह संतुलन खो बैठे और छत से नीचे गिर गए। गंभीर सिर की चोट लगने पर परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अमर सिंह की बेटी पूजा की शादी 10 मई को तय थी



और घर में तैयारियां जोरों पर थीं। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। बेटी के हाथ पीले होने से पहले ही पिता की अर्थी उठने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। कई बार वन विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने घटना के लिए विभागीय लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

### एआई से पेपर सॉल्व कराने का लिया ठेका, 2 फर्जी कक्ष निरीक्षक पकड़ाए, दूसरे दिन की परीक्षा जारी

# यूपी होमगार्ड परीक्षा में केमेस्ट्री प्रवक्ता समेत तीन लोग अरेस्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। यूपी में 42 हजार होमगार्ड पदों पर भर्ती के लिए दूसरे दिन की परीक्षा जारी है। कानपुर में AI से एग्जाम में नकल कराने में पुलिस ने केमेस्ट्री के लेक्चरर समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। बीएनएसडी इंटर कालेज के प्रवक्ता और शिक्षक नेता अखिलेश ने दो ट्यूशन टीचरों को बगैर ड्यूटी कॉलेज में कक्ष निरीक्षक बनाया।

सभी नकल कराने की तैयारी कर रहे थे। पेपर को कॉपी करने के लिए प्रिंटर और AI से सवालों के जवाब के लिए एनसीसी के बंद क्लास में तैयारी की थी। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। कानपुर DCP सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया- बीएनएसडी इंटर कॉलेज चुन्नीगंज को होमगार्ड परीक्षा का सेंटर बनाया गया है। यहां पर अंग्रेजी के प्रवक्ता ललित बाजपेई को केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया था। कॉलेज में दो केन्द्र ब्लाक-ए और ब्लॉक- बी बने हैं। शनिवार को होमगार्ड परीक्षा की दूसरी पाली दोपहर 3 से 5 बजे की थी। दूसरी पाली के सभी अभ्यर्थी अपने कक्षाओं में बायोमैट्रिक कराकर चले गए थे। दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर में ब्लाक ए केंद्र पर एक व्यक्ति परीक्षा कक्ष की तरफ से वाशरूम जा रहा था।



■ कानपुर में बीएनएसडी इंटर कालेज से केमेस्ट्री के प्रवक्ता के साथ दो फर्जी कक्ष निरीक्षक गिरफ्तार हुए।

> प्रदेश के 1053 केंद्रों पर शनिवार से शुरू हुई परीक्षा 27 अप्रैल तक चलेगी। इसमें 25 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को देखते हुए पूरे प्रदेश में पुलिस अलर्ट मोड पर है। 2 घंटे की परीक्षा 100 अंकों की है, जिसमें वैकल्पिक सवाल पूछे जा रहे हैं।



■ गोरखपुर के तुलसीदास मेमोरियल इंटर कॉलेज में रेटिना स्कैन करने के बाद अभ्यर्थियों को एंट्री दी जा रही है।

### बगैर ड्यूटी फर्जी तरीके से दो लोगों को कक्ष निरीक्षक बनाया

कक्ष निरीक्षक निर्मल कुमार को बुलाकर पूछा गया तो उन्होने कहा कि हां मैने ही पेपर सॉल्व करने के लिए एक पेपर संदीप चन्द्र विश्वकर्मा को दिया है। दोनों की ड्यूटी की जांच शुरू की गई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। ड्यूटी चार्ट चेक किया गया तो संदीप चन्द्र विश्वकर्मा और निर्मल कुमार के नाम ड्यूटी चार्ट में पाए गए। जिलाधिकारी ऑफिस से जारी कॉलेज से बाहर के कक्ष-निरीक्षकों की सूची से मिलान किया गया तो उस लिस्ट में संदीप कुमार विश्वकर्मा एवं निर्मल कुमार का नाम नहीं पाया गया।

# सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा पत्नी समेत 5 अरेस्ट

## हत्या की साजिश मृतक के अपने ही परिवार ने रची थी

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। थाना मगोर्रा क्षेत्र में हुए चर्चित भोहरेलाल हत्याकांड का पुलिस ने कुछ ही दिनों में खुलासा कर दिया है। इस मामले में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि हत्या की साजिश मृतक के अपने ही परिवार ने रची थी। पुलिस ने मृतक की पत्नी, उसके तीन बेटों और एक पड़ोसी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि भोहरेलाल शराब पीने का आदी था और आए दिन नशे की हालत में घर आकर पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट और गाली-गलौज करता था। लंबे समय से चल रही इस घरेलू हिंसा से परिवार बेहद परेशान था। घटना वाले दिन भी वह




अपनी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहा था। पुलिस जांच के अनुसार, जब भोहरेलाल अपनी पत्नी को पीट रहा था, तभी उसके तीनों बेटों ने बीच-बचाव किया। इस दौरान हुई हाथापाई में उसके गले में पड़ी साफी (अंगोछा) कस गई, जिससे दम घुटने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद घबराए परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए साक्ष्य मिटाने की साजिश रची। उन्होंने पड़ोसी की मदद से शव को गांव के पास स्थित तालाब किनारे फेंक दिया, ताकि इसे दुर्घटना का रूप दिया जा सके।

पुलिस को शुरुआत से ही परिवार के बयान पर संदेह था। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मगोर्रा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए राहुल, रोहित, सौरभ (तीनों पुत्र), मृतक की पत्नी और पड़ोसी बृजेश को सोन चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### कानपुर में प्लेटफॉर्म पर परीक्षार्थियों ने काटी रात

कानपुर। कानपुर में दूसरे दिन होमगार्ड भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर नजर आई। आने वाली ट्रेनों से परीक्षा देने वाले और शनिवार को परीक्षा दे चुके परीक्षार्थी जाने के लिए स्टेशन पर पहुंचे। शाम से ही भीड़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बढ़ गई। ट्रेन से उतरने और चढ़ने के लिए लोगों ने आपातकालीन खिड़की से उतरने और चढ़ने का रास्ता बना लिया। शनिवार शाम को 5 बजे के बाद सेंट्रल पर प्रयागराज और झांसी जाने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई। इसके बाद रात होते-होते दूसरे दिन यानी रविवार को होमगार्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी पहुंचने लगे। रात 11 बजे सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर परीक्षार्थी वहीं रात गुजारने को मजबूर दिखे। जमीन पर कई लोग किताबें पढ़ते नजर आए, तो कई किसी तरह प्लेटफॉर्म की जमीन पर सोते हुए सुबह की परीक्षा देने जाने की तैयारी करते दिखे। कुछ देर बाद रात करीब 12 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर भोपाल सुपरफास्ट का इंतजार करते लोग नजर आए।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर मंत्री संदीप सिंह की प्रेस वार्ता

## महिलाओं की भागीदारी उनका अधिकार, विरोध करने वालों को चुनाव में मिलेगा जवाब

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह ने वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान (यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय) में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 और महिला जन-आक्रोश के संबंध में प्रेस वार्ता की।




उन्होंने कहा कि 16 और 17 अप्रैल 2026 को संसद में महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर विपक्षी दलों ने देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है और अपनी महिला-विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी उनका स्वाभाविक अधिकार है, कोई उपकार नहीं।

मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि जो दल इस ऐतिहासिक अवसर में बाधा बने हैं, उन्हें आने वाले चुनावों में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के बयान का हवाला देते हुए कहा कि परिसीमन से किसी भी राज्य को नुकसान नहीं होगा, बल्कि संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल कोटा के भीतर धर्म आधारित आरक्षण की मांग उठाकर प्रक्रिया को टालने की कोशिश कर रहे हैं, जो तुष्टिकरण की राजनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### गुंडे पंचर की दुकान ...

बेटियों ने जिस अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लिया है, वह अत्यंत सराहनीय है। योगी ने कहा- थ्री-नॉट-थ्री के बजाय सिपाहियों को इंसास राइफल से प्रशिक्षण दिया गया। मुझसे कहा गया कि दीक्षांत परेड में बेटियां हिस्सा ले रही हैं। तब मैंने कहा कि जहां बेटियां होंगी, वहां मैं जरूर जाऊंगा। आज प्रदेश में माफिया राज समाप्त हो चुका है। गुंडा टैक्स और वसूली पर रोक लगी है। अपराधियों के मन में पुलिस का भय है। पुलिस का मनोबल ऊंचा है। पहले न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा-2017 से पहले जिस प्रदेश में दंगे होते थे, वहां महीनों कर्फ्यू लगा रहता था। अब दंगे होने से पहले ही उन्हें रोकने में यूपी पुलिस सक्षम है। यूपी में अब गुंडा टैक्स और वसूली नहीं होती है। आज यूपी पुलिस देश की बेहतरीन पुलिस बल है। 2017 में प्रशिक्षण की क्षमता मात्र 3 हजार थी। 60 हजार का प्रशिक्षण यूपी के केंद्रों में ही किया गया है।

योगी ने कहा- अब आप फील्ड ड्यूटी पर जाएंगे। अपराधियों के लिए जितना कठोर हों, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील भी होना चाहिए। आपने प्रशिक्षण लिया है। उम्मीद है कि आप यूपी पुलिस की गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा- 2017 की तुलना में पुलिस का बजट तीन गुना बढ़ाया गया है। 2019–2020 से लगातार महिला सुरक्षा के लिए काम किए जा रहे हैं। हर थाने में मिशन शक्ति केंद्र बनाए गए हैं। पीएसी की तीन महिला बटालियन भी दी गई हैं।

### कई प्रशिक्षण केंद्रों ...

15 जून 2025 को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 60,244 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे। 21 जुलाई से इनका प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस दौरान मैं भी विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में गया और देखा कि प्रशिक्षण व सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं।

### फिर पाकिस्तान ...

अराघची शनिवार शाम ओमान के लिए रवाना हो गए थे। उन्होंने आज ओमान सुल्तान तारिक बिन हैथम से मुलाकात की। इस दौरान जंग और शांति बहाली की कोशिशों पर चर्चा हुई।

ईरानी विदेश मंत्री बोले- पाकिस्तान दौरा काफी उपयोगी रहाअब्बास अराघची ने पाकिस्तान दौरे को काफी उपयोगी बताया। उन्होंने शांति बहाल करने के लिए पाकिस्तान की कोशिशों की तारीफ की। जर्मनी होर्मुज स्ट्रेट मिशन में शामिल होगाजर्मनी ने कहा कि युद्ध खत्म होने के बाद वह होर्मुज स्ट्रेट से माइंस हटाने के अंतरराष्ट्रीय मिशन में हिस्सा लेगा।

इजराइल ने हिजबुल्लाह का संदिग्ध ड्रोन मार गिरायाइजराइल ने वेस्टर्न गलीली इलाके में एयर डिफेंस सिस्टम से ड्रोन को नष्ट किया गया। इसे सीजफायर उल्लंघन बताया गया।

### गिरफ्तारी से बचने...

इससे पहले गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इससे पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय ने खेड़ा को सात दिन की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी, लेकिन असम पुलिस ने इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने अंतरिम आदेश पारित कर ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी थी और खेड़ा को गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाने को कहा था। गुवाहाटी हाई कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि यदि खेड़ा ने ये आरोप मुख्यमंत्री के खिलाफ लगाए होते, तो यह मामला राजनीतिक बयानबाजी माना जा सकता था। लेकिन राजनीतिक लाभ लेने के लिए उन्होंने एक निर्दोष महिला को विवाद में घसीट लिया। न्यायाधीश ने कहा कि खेड़ा अब तक यह संदेह से परे साबित नहीं कर पाए हैं कि रिंकी शर्मा के पास तीन अन्य देशों के पासपोर्ट हैं। वह यह भी साबित नहीं कर पाए हैं कि उन्होंने अमेरिका में कोई कंपनी खोली और उसमें भारी निवेश किया। अदालत ने कहा कि उसकी राय में मौजूदा परिस्थितियों में इस मामले को केवल साधारण मानहानि का मामला नहीं कहा जा सकता, यानी ऐसा मामला जिसमें दुर्भावना या साजिश जैसे अतिरिक्त तत्व न हों।

### कांग्रेस ने कहा था ...

पवन खेड़ा ने हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां होने के आरोपों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी।

सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां ने खेड़ा और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत गुवाहाटी अपराध शाखा पुलिस थाने में आपराधिक मामले दर्ज कराए थे।

### संजय सिंह की 7...

रविवार दोपहर तक यह 12.7 मिलियन (1 करोड़ 32 लाख) बचे हैं।

स्वाति मालीवाल ने AAP और अरविंद केजरीवाल पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 2006 से केजरीवाल के साथ काम किया, हर आंदोलन में साथ दिया, लेकिन बाद में उनके साथ पार्टी में दुर्व्यवहार हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर में उनके साथ मारपीट कराई गई और FIR वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया। मालीवाल ने कहा कि उन्हें दो साल तक संसद में बोलने का मौका नहीं दिया गया जो बेहद शर्मनाक है।

### 'भाजपा की जीत ...

उन्होंने कहा, ₹बंगाल की महिलाएं ही टीएमसी के जंगल राज की सबसे बड़ी शिकार हैं। उनके साथ सबसे बड़ा विश्वासघात किया गया है। संदेशखाली में हमारी बहनों पर अत्याचार किए गए हैं। महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। टीएमसी के जंगलराज में, युवा महिलाएं लापता हो रही हैं। 4 मई के बाद, भाजपा सरकार हर एक गुंडे और बलात्कारी को ढूंढकर पकड़ेगी और उन्हें उनके किए की सजा दिलवाएगी। भाजपा महिलाओं को सुरक्षा और अवसर, दोनों प्रदान करती है।₹

इसके अलावा, उन्होंने महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार में मदद करने का वादा किया, और कहा कि 75 लाख महिलाओं को सहायता दी जाएगी ताकि वे हर साल एक लाख रुपये से ज्यादा कमा सकें। पीएम ने कहा, ₹अपना कारोबार शुरू करने के लिए, महिलाओं को बैंक से 20 लाख रुपये का लोन मिलेगा। बैंक को गारंटी चाहिए होती है।

### भाजपा के नेतृत्व ...

हमारी सरकार माताओं, बहनों और बेटियों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देगी। सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 80 फीसदी की छूट मिलेगी। स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के लिए, जांच और टीके मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे। गर्भावस्था के दौरान 21,000 रुपये की सहायता दी जाएगी, और ग्रेजुएशन के लिए बेटियों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी, जो भाजपा सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।"

### यूपी के 50 जिलों में ...

हिमाचल प्रदेश के ऊना में तापमान 42.2C रहा। यहां 27 अप्रैल से बारिश का अनुमान भी है।

गर्मी बढ़ने के साथ देश में बिजली की मांग 252.07 गीगावॉट (GW) तक पहुंच गई, जो अब तक सबसे ज्यादा है। इससे पहले मई 2024 में 250 GW का रिकॉर्ड बना था। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत के 10 राज्यों में हीटवेव और वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है।

राजस्थान में तेज गर्मी के बीच अचानक मौसम बदल गया। बीकानेर, सीकर, सवाई माधोपुर और बाड़मेर जिले में शनिवार को बारिश हुई।

### दिल्ली-टेकऑफ के ...

इसके बाद तुरंत फ्लाइट को रोक दिया गया। एयरलाइन ने कहा, हमारी स्थानीय टीमें मौके पर मौजूद हैं और यात्रियों की देखभाल कर रही हैं। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर इस मामले पर काम कर रहे हैं।

## पंजाब ने इतिहास का सबसे बड़ा रनचेज किया, सूर्यवंशी फास्टेस्ट 50 सिक्स वाले बैटर

# आईपीएल के एक दिन में सबसे ज्यादा रन बने

**मुकाबला**



नई दिल्ली, एजेंसी

IPL 2026 में शनिवार का दिन रिकॉर्ड्स के नाम रहा। पहले मुकाबले में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रन का सबसे बड़ा रनचेज किया।

दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान को 5 विकेट से हरा दिया। इन दोनों मैच को मिलाकर एक ही दिन में IPL इतिहास के सबसे ज्यादा 986 रन बने।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी सबसे तेज 50 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने मात्र 36 गेंदों में अपना दूसरा शतक जड़ दिया।

राहुल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 67 गेंद पर नाबाद 152 रन बनाए। यह टी20 में किसी भी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड तिलक वर्मा के नाम था, जिन्होंने 2024 में राजकोट में मेघालय के खिलाफ 151 रन बनाए थे।

> पंजाब ने अरुण जेटली स्टेडियम में सबसे बड़ा रन चेज किया। टीम ने 18.5 ओवर में 265 रन बना डाले। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा, जो 2024 में केकेआर के खिलाफ 262 रन चेज कर बनाया था।

राहुल ने IPL का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। वे IPL में 150 रन का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए। सबसे बड़ा स्कोर क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने पुण वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 2013 में नाबाद 175 रन बनाए थे।

केएल राहुल और नीतीश राणा ने पंजाब के खिलाफ दूसरे विकेट के लिए 220 रन जोड़े। यह IPL में किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। पहले नंबर पर विराट कोहली और एबी डिविलियर्स की जोड़ी है, जिन्होंने 2016 में बेंगलुरु के मैदान पर गुजरात लायंस के खिलाफ 229 रन की नाबाद साझेदारी की थी।



### आईपीएल में एक दिन में 986 रन बने

IPL के इतिहास में एक ही दिन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड शनिवार को बना, जब दो मुकाबलों में कुल 986 रन बन गए। दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के मैच में 264 और 265 रन बने, वहीं राजस्थान और हैदराबाद के मुकाबले में 228 और 229 रन बने। इससे पहले 2024 में 899 रन एक दिन में बने थे, जबकि 2026 में ही एक अन्य दिन 843 रन भी दर्ज किए गए।

## आईपीएल में साउथ अफ्रीकी बॉलर एनगिडी को सिर में चोट

दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे IPL मुकाबले के दौरान एक गंभीर हादसा हो गया। दिल्ली के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कैच लेने की कोशिश में पीछे की ओर गिर पड़े और उनका सिर जोर से जमीन से टकराया। चोट इतनी गंभीर थी कि खेल करीब 15 मिनट तक रुका रहा। चोट के बाद मैदान पर एम्बुलेंस बुलाई गई। इसके बाद एनगिडी को स्ट्रेचर पर ले जाकर एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया और तुरंत अस्पताल रवाना किया गया। IPL मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें जल्द डिस्चार्ज किया जाएगा।

यह घटना पंजाब की पारी के तीसरे ओवर में हुई। अक्षर पटेल की फुल लेंथ गेंद पर बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने हवा में शॉट खेला। गेंद मिड-ऑफ के ऊपर गई, जहां से एनगिडी तेजी से पीछे भागे।



**कैच लेते वक्त गिरे, ग्राउंड में एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल ले जाया गया खतरे से बाहर**

कैच जज करने में हल्की सी चूक हुई और उनका बैलेंस बिगड़ गया। वे पीछे की ओर गिरते हुए सीधे सिर के बल जमीन पर गिरे। टकराव काफी तेज था। गिरते ही उन्होंने सिर पकड़ लिया और मैदान पर ही लेटे रहे। घटना के तुरंत बाद मैदान पर पहले स्ट्रेचर लाया गया। इसके बाद मेडिकल टीम दौड़कर पहुंची। डॉक्टरों ने एनगिडी से बात की। शुरुआती कुछ क्षणों में वे रिस्पॉन्ड करते हुए नजर आए, जिससे थोड़ी राहत की स्थिति बनी।

# उबेर कप में भारत ने यूक्रेन को 4-1 से हराया

## डेनमार्क से हार के बाद वापसी की, सिंधु-तनीषा की जोड़ी ने जीता डबल्स मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

डेनमार्क के होर्सेंस में खेले जा रहे उबेर कप 2026 में भारतीय महिला टीम ने अपनी क्वार्टर फाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा है। ग्रुप-A के अपने दूसरे मुकाबले में भारत ने यूक्रेन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। पहले मैच में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हारने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त वापसी की। इस जीत के साथ ही भारत अब सोमवार को डिफेंडिंग चैंपियन चीन से भिड़ेगा, जो क्वार्टर फाइनल की राह तय करने के लिए बेहद अहम होगा। भारत की ओर से पहले सिंगल्स मैच में उन्नति हुड्डा ने शानदार शुरुआत की। उन्होंने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को सीधे सेटों में 21-19, 22-20 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।






### देविका सिहाग ने पक्की की जीत

इस मुकाबले में टीम मैनेजमेंट ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु को सिंगल्स मैच में आराम दिया था। उनकी जगह थाइलैंड मास्टर्स चैंपियन देविका सिहाग को तीसरा सिंगल्स खेलने का मौका मिला।

देविका ने इस भरोसे को सही साबित किया और मारिया स्टोलियारेन्को को 23-21, 21-13 से हराकर भारत की जीत पक्की कर दी। उनके जीतते ही भारत ने मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली थी।

# धोनी चेन्नई से वापसी कर सकते हैं

## आज गुजरात से मुकाबला, हेड टु हेड में दोनों टीम बराबरी पर

चेन्नई, एजेंसी

IPL 2026 का 37वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। मुकाबला दोपहर 3:30 बजे से चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। चेन्नई की टीम में महेंद्र सिंह धोनी की वापसी हो सकती है। वे अब तक इस सीजन एक भी मुकाबला नहीं खेल सके हैं।

चेन्नई ने पिछले 4 में से 3 मुकाबले जीते हैं। टीम पॉइंट्स टेबल पांचवें स्थान पर हैं। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस का नेट रन रेट (-0.790) कमजोर है और टीम फिलहाल पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर है।

हेड-टु-हेड की बात करें तो दोनों टीमों के बीच अब तक 8 मैच खेले गए हैं, जिसमें दोनों ने 4-4 जीत दर्ज की हैं। पिछले सीजन अहमदाबाद में हुए मुकाबले में चेन्नई ने 83 रन से जीत हासिल की थी।

गुजरात टाइटंस के लिए कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन (RCB के खिलाफ शतक) ने शानदार प्रदर्शन किया है। RCB के खिलाफ पिछले मैच में टीम 230 के स्कोर की ओर बढ़ रही थी, लेकिन 16वें से 19वें ओवर में रन नहीं बना सकी। गुजरात की ओर से गिल टॉप रन स्कोरर हैं। उन्होंने 149.24 की स्ट्राइक रेट से 297 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे बड़े नामों के बावजूद टीम निरंतरता की कमी से जूझ रही है। स्पिन विभाग में राशिद खान के अलावा कोई विकल्प प्रभावी नहीं है। वॉशिंगटन सुंदर और मानव सुथार अब तक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं।



### संजू इस सीजन दो शतक लगा चुके

CSK के लिए इस सीजन में संजू सैमसन ने बेहतरीन बल्लेबाजी की है। उन्होंने मुंबई के खिलाफ सीजन का दूसरा शतक जड़ा था। इससे पहले गुजरात के खिलाफ भी उन्होंने सेंचुरी लगाई थी। टीम का मिडिल ऑर्डर अब भी चिंता का विषय है। शिवम दुबे, सरफराज खान और डेवाल्ड ब्रेविस अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहे हैं।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। चेन्नई की ओर से संजू टॉप रन स्कोर। वे 2 शतक के साथ 293 रन बना चुके हैं। अंशुल कंबोज 14 विकेट लेकर पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे हैं। जेमी ओवरटन और अकील हुसैन और नूर अहमद भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### चेपॉक की पिच स्पिन फ्रेंडली

एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) की पिच धीमी और स्पिन के अनुकूल है। मैच आगे बढ़ने के साथ यह पिच धीमी हो जाती है, जिससे दूसरी पारी में बल्लेबाजी मुश्किल होती है और यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिलता है।

अब तक यहां पर IPL के 94 मैच खेले गए हैं। जिसमें 53 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीता है। जबकि 41 मैच चेज करने वाली टीम ने जीता है।

## मनोरंजन

### अर्चना पूरन सिंह के बेटे से 87 हजार की ठगी

नई दिल्ली। अर्चना पूरन सिंह और परमीत सेठी के छोटे बेटे आयुष्मान सेठी हाल ही में कथित क्रेडिट कार्ड स्कैम का शिकार हो गए। उनसे 87,000 की ठगी हुई। इस घटना के बारे में आयुष्मान ने बड़े भाई आर्यमान के यूट्यूब व्लॉग में बताया।

व्लॉग के एक हिस्से में घबराए हुए आयुष्मान कहते नजर आए, 'मेरे क्रेडिट कार्ड से 87,000 कट गए।' पास बैठीं अर्चना ने तुरंत कहा, 'कार्ड कैंसल करो। क्रेडिट कार्ड कंपनी को कॉल करो।'


आयुष्मान ने बताया, 'उन्होंने 7 दिन के फ्री ट्रायल के नाम पर पूरे साल का पैसा ले लिया।' यह सुनकर अर्चना ने हैरानी जताई और फिर से कार्ड कैंसल करने की सलाह दी।

इस पर परमीत ने कहा, 'कार्ड नहीं, पेमेंट कैंसल करो।' आयुष्मान ने पूछा, 'वह ऑप्शन कहां मिलेगा?' यह सुनकर पूरा परिवार हंस पड़ा।

### कहा- श्रेयस, यह जीत रिकॉर्ड में दर्ज होगी, केएल राहुल की पारी की भी तारीफ की

# पंजाब किंग्स की जीत पर प्रीति जिंटा ने दी बधाई

नई दिल्ली। शनिवार को आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराया, जिसके बाद टीम की को-ऑनर प्रीति जिंटा ने खुशी जाहिर की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर टीम और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए जीत की बधाई दी। प्रीति ने अपनी पोस्ट में सबसे पहले विरोधी टीम दिल्ली कैपिटल्स के बैट्समैन केएल राहुल की शानदार पारी के लिए उन्हें बधाई दी। वहीं, प्रीति ने अपनी टीम को लेकर लिखा, "श्रेयस अय्यर, यह जीत रिकॉर्ड में दर्ज हो जाएगी। आज वाकई गर्मी थी।" साथ ही उन्होंने प्रभसिमरन सिंह, प्रियंश आर्या, नेहाल वढेरा और शशांक सिंह की भी तारीफ की। पंजाब किंग्स ने इससे पहले 2024 सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रन का पीछा कर रिकॉर्ड बनाया था। इस बार टीम ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स छह जीत और एक बिना रिजल्ट वाले मैच के साथ 13 अंकों पर पहुंच गई है और अब तक एक भी मैच नहीं हारी है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स तीन जीत और चार हार के साथ छठे स्थान पर है, जिसके छह अंक हैं।



### 265 रन चेज, पंजाब ने रचा इतिहास

मैच की बात करें तो पंजाब किंग्स ने टी20 इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्यों में से एक 265 रन का सफल पीछा किया। दिल्ली की ओर से केएल राहुल ने 67 गेंदों में 152 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेली। इसके साथ वह आईपीएल में 150 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने भारत के पुरुष टी20 क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया, हालांकि उनकी यह पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी।



# राघव चड्ढा पर प्रकाश राज ने कसा तंज

### बीजेपी में शामिल होने को लेकर बोले- मैं दाऊद इब्राहिम से जुड़ रहा हूं

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी छोड़कर BJP में शामिल होने वाले सांसद राघव चड्ढा पर एक्टर प्रकाश राज ने तंज कसा।

प्रकाश राज ने ट्विटर पर अपनी पोस्ट में लिखा, 'मैं पुलिस फोर्स छोड़ रहा हूं क्योंकि वे अपराध से लड़ने के अपने वैल्यूज से भटक गए हैं। इसलिए मैं दाऊद इब्राहिम से जुड़ रहा हूं - राघव चड्ढी।' इसके साथ उन्होंने हंसने वाला इमोजी और #justasking भी लिखा।

वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रकाश राज की कई भाषाओं में कई फिल्में आने वाली हैं। वे जन नायकन (तमिल), जी2 (तेलुगू), वरसानी (तेलुगू), स्पिरिट (तेलुगू), फादर (कन्नड़) और मिरेकल (तमिल) में नजर आएंगे। जन नायकन और जी2 इसी साल रिलीज होने वाली हैं, जबकि वरसानी और स्पिरिट 2027 में रिलीज होंगी। शुक्रवार शाम को आम आदमी पार्टी के 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 सांसदों ने पार्टी छोड़ दी। इसका ऐलान पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया।



### दीपिका पादुकोण संग शूटिंग करेंगे शाह रुख, इस दिन रिलीज होगी शाह रुख खान की किंग

# किंग के लिए साथ आएंगे शाह रुख खान-दीपिका पादुकोन



नई दिल्ली। अभिनेता शाह रुख खान की अपकमिंग फिल्म किंग की चर्चा लंबे समय से चल रही है। फिल्म की शूटिंग को लेकर तमाम तरह की खबरें भी सामने आई हैं। लेकिन फिलहाल निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की किंग को लेकर जो जानकारी सामने आ रही है, उसे जानकर सिनेप्रेमियों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहने वाला।

खबर है कि किंग के अगले शूटिंग शेड्यूल के लिए शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण एक साथ आने वाले हैं। जिसकी शूटिंग विदेश में की जानी है।

फिल्म पठान के बाद हिंदी सिनेमा के बादशाह अभिनेता शाह रुख खान ने पिछले साल मई में फिल्मकार सिद्धार्थ आनंद के साथ अपनी दूसरी फिल्म किंग की शूटिंग शुरू कर दी थी। इस फिल्म में शाह रुख के साथ उनकी बेटी सुहाना खान पहली बार काम कर रही हैं। अब करीब एक साल बाद इस फिल्म की शूटिंग धीरे-धीरे अपने अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रही है।

> **अभिषेक इस फिल्म में खलनायक भूमिका निभा रहे हैं। उसके बाद फिल्म की टीम मुंबई में 10 दिनों के शेड्यूल में शूटिंग करेंगे। सिद्धार्थ की योजना सितंबर तक शूटिंग पूरी कर लेने की है। माना जा रहा है कि 2 नवंबर 2026 को शाह रुख खान के बर्थडे पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया जा सकता है।**

इस कड़ी में फिल्म की टीम का अगला पड़ाव दक्षिण अफ्रीका है। सिनेमाई गलियारों की रिपोर्ट्स के अनुसार, शाह रुख और सिद्धार्थ आज (रविवार) से किंग फिल्म के दक्षिण अफ्रीका शेड्यूल की शूटिंग शुरू करेंगे। यह शेड्यूल करीब 18 दिनों का होगा, जिसमें फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण एक्शन और ड्रामा सीन शूट किए जाएंगे। इस शेड्यूल में शाह रुख के साथ अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, सुहाना और अभिनेता अभिषेक बच्चन भी शूटिंग करेंगे। 2023 में आई फिल्म डंकी की रिलीज के बाद से शाह रुख खान बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं। इस आधार पर करीब 3 साल बाद शाह रुख खान किंग के जरिए सिनेमाघरों में वापसी करेंगे। उनकी ये एक्शन थ्रिलर फिल्म 24 दिसंबर 2026 को क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जाएगी।



### ट्रम्प को सुरक्षित निकाला, चश्मदीद बोले- 7 राउंड फायरिंग हुई, गेस्ट टेबल के नीचे छिपे, हमलावर पकड़ाया

# वॉशिंगटन में डिनर के दौरान फायरिंग

**गोलीबारी**

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बडे. अफसर मौजूद थे।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राहत जताई




कि राष्ट्रपति ट्रम्प, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत सब सुरक्षित है। उन्होंने आगे लिखा, "लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और इसकी स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए।"

न्यूज एजेंसी ANI की रिपोर्टर रीना भारद्वाज ने बताया, वॉशिंगटन के हिल्टन होटल के बैंक्वेट हॉल में अफरा-तफरी मच गई। मैंने सबसे पहले एक तेज आवाज सुनी। मुझे लगा कि शायद बर्तनों के गिरने की आवाज थी। लेकिन कुछ ही सेकेंड में मैंने देखा कि वेटर अपनी ट्रे लेकर अंदर भाग रहे थे और सुरक्षित जगह ढूंढ रहे थे। तभी मुझे लगा कि कुछ गड़बड़ है। टेबल पर बैठे लोग नीचे छिप गए।

## डिनर के दौरान फायरिंग करने वाला शख्स कौन

BBC की रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर की पहचान 31 साल के कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया का है। पब्लिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, एलन पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था। उसकी प्रोफाइल के मुताबिक, वह दिसंबर 2024 में 'टीचर ऑफ द मंथ' चुना गया था। उसने कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से 2017 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया। पिछले साल कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी डोमिंगुएज हिल्स से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी।

**ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, वॉशिंगटन में आज की शाम काफी हलचल भरी रही। सीक्रेट सर्विस और लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसियों ने शानदार काम किया। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की। हमलावर को पकड़ लिया गया है और मैंने सुझाव दिया है कि कार्यक्रम जारी रखें।**




डोनाल्ड ट्रम्प ने हमलावर की तस्वीर सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर शेयर की। इसका नाम कोल टॉमस एलन बताया जा रहा है। यह कैलिफोर्निया का रहने वाला है।

## फायरिंग से पहले: ट्रम्प वहां मौजूद गेस्ट से बात कर रहे थे

लोगों को जल्दी निकालने के चलते डिनर के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले रुमाल जमीन पर बिखरे दिखे।

पुलिस विभाग के अंतरिम चीफ जेफरी कैरोल के मुताबिक, हमलावर उसी होटल में मेहमान था, जहां व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट का डिनर कार्यक्रम हो रहा था। जिस कमरे में वह ठहरा था, पुलिस उसकी भी जांच कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे। वॉशिंगटन डीसी की मेयर ने बताया कि हमलावर का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अमेरिकी अटॉर्नी ने बताया कि हमलावर पर दो आरोप लगे हैं। पहला, हिंसक अपराध के दौरान हथियार इस्तेमाल करना। दूसरा, खतरनाक हथियार से फेडरल अधिकारियों पर हमला करना। हमलावर को सोमवार को फेडरल अदालत में पेश किया जाएगा।

## हमलवार ने कमला हैरिस को दिया था 25 डॉलर का चंदा

फेडरल इलेक्शन कमीशन (FEC) के रिकॉर्ड के मुताबिक, एलन ने अक्टूबर 2024 में कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव अभियान को 25 डॉलर का चंदा दिया था।

लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, उसने 2017 में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया था। इसके बाद कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी-डोमिंगुएज हिल्स से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स डिग्री हासिल की। पब्लिक रिकॉर्ड्स के मुताबिक, वह पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था।

हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया।

**फास्ट न्यूज**

### ईरान में इतिहास का सबसे बड़ा 'डिजिटल आपातकाल'

तेहरान। अमेरिका के साथ उच्च स्तरीय शांति वार्ता ठप पड़ने के बीच ईरान गंभीर डिजिटल आपातकाल का सामना कर रहा है। फरवरी के अंत में शुरू हुआ देशव्यापी इंटरनेट ब्लैकआउट अब दूसरे महीने में प्रवेश करने वाला है। अमेरिका के साथ उच्च स्तरीय शांति वार्ता ठप पड़ने के बीच ईरान गंभीर डिजिटल आपातकाल का सामना कर रहा है।

### लंदन में नीलाम होगा जयपुर के शाही परिवार का 'सुपरकंप्यूटर'

लंदन । जयपुर के शाही संग्रह की सबसे बेशकीमती वैज्ञानिक विरासतों में से एक 17वीं शताब्दी का एक विशाल 'एस्ट्रोलेब' (खगोलीय गणना यंत्र) आगामी 29 अप्रैल को लंदन के सोथबी नीलामी घर में वैश्विक बोली के लिए तैयार है। जयपुर के शाही संग्रह की सबसे बेशकीमती वैज्ञानिक विरासतों में से एक 17वीं शताब्दी का एक विशाल 'एस्ट्रोलेब' (खगोलीय गणना यंत्र) आगामी 29 अप्रैल को लंदन के सोथबी नीलामी घर में वैश्विक बोली के लिए तैयार है।

### कोलंबिया में एक बस मे भीषण धमाका, उड़ गए परखच्चे

कोलंबिया। दक्षिण-पश्चिम कोलंबिया में शनिवार को एक बस में जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके में बस के परखच्चे उड़ गए और करीब 14 लोगों की मौत हुई है। सरकार का कहना है कि यह आतंकी हमला है। दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया में शनिवार को एक बस में सफर कर रहे लोगों को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 38 लोग घायल हो गए।

## कोल थॉमस एलन व्हाइट हाउस डिनर गोलीबारी में गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में गोलीबारी के दौरान एजेंसियों ने जिस संदिग्ध को गिरफ्तार किया है कि उसकी पहचान 31 साल के कोल थॉमस एलन के रूप में हुई है। वह कैलिफोर्निया का रहने वाला बताया जा रहा है।

यह गोलीबारी वॉशिंगटन के होटल हिल्टन के बाहर हुई, जहां यह हाई-प्रोफाइल डिनर चल रहा था। जिसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस और स्थानीय पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एलन को गिरफ्तार कर लिया। जांचकर्ताओं का कहना है कि एलन को उस बॉलरूम तक पहुंचने से पहले ही एक सुरक्षा चैक पोस्ट पर रोक लिया था, जहां राष्ट्रपति सहित लगभग 2,500 मेहमान थे।

LinkedIn समेत कई सोशल मीडिया प्रोफाइल में एलन को लॉस एंजिल्स इलाके का मैकेनिकल इंजीनियर, कंप्यूटर साइंटिस्ट, इंडी



**उस पर संघीय अधिकारी पर खतरनाक हथियार से हमला का आरोप**

गेम डेवलपर और पार्ट-टाइम टीचर बताया गया है। ऑनलाइन प्रोफाइल के मुताबिक, एलन कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान से ग्रेजुएट हैं, जहां उसन मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की थी। बाद में उसने कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में मास्टर की डिग्री पूरी की। ऑनलाइन प्रोफाइल के मुताबिक, उसने IJK कंट्रोल्स में मैकेनिकल इंजीनियर और कैलटेक में टीचिंग असिस्टेंट के तौर पर काम करने के बारे में बताया है।

### डोनाल्ड ट्रम्प की पार्टी के सांसदों ने कड़े प्रावधानों वाला बिल संसद में पेश किया

# अब एच-1 बी वीजा पर 3 साल रोक की तैयारी

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राज में भारतीयों के लिए 'अमेरिकन ड्रीम' दुःस्वप्न बनता जा रहा है। अब ट्रम्प की पार्टी के सांसदों ने एच-1 बी वीजा पर 3 साल तक रोक सहित कई अन्य कड़े प्रावधानों वाला बिल संसद में पेश किया है।

7 रिपब्लिकन सांसदों की ओर से कांग्रेस (संसद) में पेश किए गए इस एच-1 बी दुरुपयोग रोकथाम बिल-2026 का उद्देश्य अमेरिकी लोगों के लिए नौकरी के ज्यादा मौके बनाना है। एरिजोना के रिपब्लिकन सांसद एली क्रेन ने बिल को संसद में रखा है।

बिल पर हस्ताक्षर करने वाले अन्य सांसदों में ब्रैंडन गिल, पॉल




गोसर और एंडी ओगल्स शामिल हैं। अमेरिकी हितों से जुड़े इस बिल पर डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ सांसदों का भी समर्थन मिलने के आसार हैं। सूत्रों के अनुसार, 100 सांसदों की सीनेट में 60 सांसदों का समर्थन मिलने के बाद साल के अंत तक वोटिंग संभव है। नए बिल के अनुसार, तीन साल बाद एच-1 बी वीजा फिर शुरू करने पर वर्तमान के 85 हजार प्रोफेशनल्स के कोटा को घटाकर 25 हजार प्रोफेशनल्स प्रति वर्ष किया जाएगा।

### एच1 बी के विरोध में 'मागा', इंटरव्यू नहीं हो रहे, फीस भी 100 गुना बढ़ी

ट्रम्प के कट्टरपंथी मागा समर्थक (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) एच-1 बी वीजा के विरोधी रहे हैं। उनका मानना है कि विदेशी खासकर भारत से आने वाले प्रोफेशनल्स अमेरिकियों की जॉब को हड़प रहे हैं। ट्रम्प अपने वोटर बेस के चलते इस वीजा को लगातार कठिन बना रहे हैं।

वीजा स्टैम्पिंग के लिए भारत आना जरूरी होता है। पर यहां अमेरिकी दूतावासों में रिनुअल इंटरव्यू लगभग नहीं के बराबर ही हो रहे हैं। जनवरी के इंटरव्यू नवंबर-दिसंबर तक रीशेड्यूल हो चुके हैं। कई प्रोफेशनल्स जॉब गंवा चुके हैं।

ट्रम्प पिछले साल एच-1 बी वीजा की फीस को लगभग 100 गुना बढ़ाकर 94 लाख रुपए कर चुके हैं। इसके चलते पहले से ही इस वीजा कैटेगरी में अमेरिका में एंट्री कठिन हो चुकी है।

कहा जाता है कि भारत अमेरिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। अब फीस महंगी होने से भारतीय टैलेंट यूरोप, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट के देशों की ओर रुख करेगा।

**"इस बिल से सबसे ज्यादा भारतीय प्रभावित होंगे। क्योंकि, अमेरिका में हर साल जारी होने वाले लगभग 85 हजार एच-1 बी वीजा में से लगभग 63 हजार वीजा भारतीय प्रोफेशनल्स को मिलते हैं। दूसरे नंबर पर चीन के प्रोफेशनल्स आते हैं।**

### टेक कंपनियां सबसे ज्यादा एच-1बी स्पॉन्सर करती हैं

भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, TCS, विप्रो, कॉग्निजेंट और HCL जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा अपने कर्मचारियों को H-1B वीजा स्पॉन्सर करती हैं।

### मरम्मत में आएगा अरबों डॉलर का खर्च, ईरानी हमलों से अमेरिकी ठिकानों को भारी नुकसान

# ईरान के हमलों में तबाह हो गए अमेरिकी बेस

**नुकसान**

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान के हालिया हमलों में फारस की खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों और उपकरणों को पहले बताई गई तुलना में कहीं ज्यादा नुकसान हुआ है। यह जानकारी अमेरिकी अधिकारियों और मामले से जुड़े लोगों ने दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नुकसान की असली स्थिति अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है और इन ठिकानों की मरम्मत पर अरबों डॉलर खर्च होने का अनुमान है। ईरान ने 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध के बाद



क्षेत्र के कई देशों में हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम सात देशों के महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें गोदाम, कमांड सेंटर, विमान हैंगर और सैटेलाइट संचार से जुड़े सिस्टम शामिल हैं। इसके अलावा रनवे, रडार सिस्टम और कुछ विमानों को भी नुकसान पहुंचा है, जो सैन्य गतिविधियों और निगरानी के लिए बेहद अहम होते हैं। एक मामले में ईरान का पुराना एफ-5 लड़ाकू विमान भी अमेरिकी एयर डिफेंस सिस्टम को पार कर हमला करने में सफल रहा। रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन ईरान में सैन्य अभियान के लिए अमेरिकी कांग्रेस से 200 अरब डॉलर से ज्यादा की मांग कर रहा है। युद्ध के पहले हफ्ते में ही अमेरिका करीब 11 अरब डॉलर खर्च कर चुका था, जबकि 2026 के लिए 838.5 अरब डॉलर का रक्षा बजट पहले ही मंजूर किया जा चुका है।

**"अमेरिकी रक्षा विभाग ने अब तक नुकसान के पूरे आंकड़े साझा नहीं किए हैं। वहीं, इस क्षेत्र में सैन्य अभियान संभालने वाली सेंट्रल कमांड ने भी नुकसान के स्तर पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। पारदर्शिता की कमी को लेकर कुछ रिपब्लिकन सांसद नाराज हैं। उनका कहना है कि कई हफ्तों से जानकारी मांगी जा रही है, लेकिन पूरी तस्वीर सामने नहीं आ रही है।**

# सीनियर सिटीजन के लिए अब एफडी हुई और भी फायदेमंद

### स्मॉल फाइनेंस बैंक दे रहे सबसे ज्यादा रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी

शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच सुरक्षित निवेश चाहने वाले सीनियर सिटीजन के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) एक बार फिर सबसे पसंदीदा विकल्प बनकर उभरा है। साल 2026 में रिटायरमेंट के बाद अपनी पूंजी की सुरक्षा और रेगुलर इनकम को प्राथमिकता देने वाले बुजुर्गों के लिए एफडी पर शानदार रिटर्न मिल रहा है।

सीनियर सिटीजन को आमतौर पर आम ग्राहकों के मुकाबले 0.50% (50 बेसिस पॉइंट्स) ज्यादा ब्याज मिलता है। ब्याज की ये दरें आरबीआई की पॉलिसी, निवेश की अवधि और बैंकों की नकदी स्थिति पर निर्भर करती हैं।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सारा पैसा एक साथ एक ही एफडी में लगाने के बजाय उसे छोटी, मध्यम और लंबी अवधि में बांटकर निवेश




करना चाहिए। बेहतर मुनाफे के लिए एफडी के साथ सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (SCSS) या पीपीएफ (PPF) को भी शामिल किया जा सकता है। टैक्स की बात करें तो एफडी से होने वाली कमाई निवेशक के टैक्स स्लैब के हिसाब से टैक्सेबल होती है। बैंक इस पर टीडीएस (TDS) काटते हैं, लेकिन अगर सालाना आय टैक्स की सीमा से कम है, तो बुजुर्ग फॉर्म 15H जमा कर टीडीएस बचा सकते हैं।

### स्मॉल फाइनेंस बैंक दे रहे हैं सबसे ज्यादा रिटर्न

रिटर्न के मामले में स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFBs) सबसे आगे हैं, जहां 8.5% तक ब्याज मिल रहा है। ईएसएएफ (ESAF) स्मॉल फाइनेंस बैंक 501 दिनों की एफडी पर 8.50% ब्याज दे रहा है। इसके अलावा सूर्योदय, शिवालिक, इक्विटास और जना स्मॉल फाइनेंस बैंक भी अलग-अलग अवधि के लिए 8.00% से 8.30% तक ब्याज ऑफर कर रहे हैं। हालांकि, बड़े कमर्शियल बैंकों के मुकाबले इनमें जोखिम थोड़ा ज्यादा माना जाता है।

**बयान :** ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन

# 'दबाव में आकर युद्ध विराम पर बातचीत नहीं करेगा तेहरान'

वाशिंगटन डीसी, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने स्पष्ट किया है कि उनका देश दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल में किसी भी तरह की बातचीत नहीं करेगा। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान कही। इस बातचीत में उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत और युद्धविराम (सीजफायर) के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा है।

ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय समझौतों और



संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां और धमकी भरे बयान शांति प्रक्रिया पर भरोसे को कमजोर करते हैं। पेजेश्कियान ने यह भी कहा कि ईरान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अमेरिका या इस्राइल की किसी भी नई टकराव की स्थिति के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जो क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता को प्रभावित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध और आपसी सम्मान के आधार पर संबंध मजबूत करना चाहता है, खासकर फारस की खाड़ी के दक्षिणी देशों के साथ। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये देश भी बाहरी हस्तक्षेप से दूर रहकर क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में सहयोग करेंगे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की। उन्होंने इस बातचीत को सकारात्मक बताया। इस दौरान पाकिस्तानी नेता ने मध्यस्थता प्रयासों में तेहरान की निरंतर भागीदारी की तारीफ की, जिसमें विदेश मंत्री अब्बास अराघची की हाल ही में संपन्न हुई यात्रा भी शामिल है।

**"अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूतों की पाकिस्तान यात्रा रद्द कर दी है। ये दूत ईरान के साथ शांति वार्ता के लिए इस्लामाबाद जाने वाले थे। ट्रंप ने अपने दूतों की पाकिस्तान यात्रा रद्द करने के फैसले का बचाव करते हुए कहा, ईरान का प्रस्ताव उम्मीद के मुताबिक नहीं था।**

### अरघची ने अपने मिस्र और तुर्की समकक्षों से फोन पर बातचीत की

क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मिस्र और तुर्किये के अपने समकक्षों से बीत की। आईआरएनए के अनुसार, अराघची और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी ने युद्धविराम और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ उनकी बातचीत मुख्य रूप से ईरान और अमेरिका के बीच चल रही वार्ता प्रक्रिया पर केंद्रित रही। इस सिलसिले में फिदान ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से भी फोन पर बात की।

# टॉप-10-कंपनियों में से 7 की वैल्यू 2.05 लाख करोड़ घटी

### टीसीएस टॉप लूजर रही, वैल्यू 66,699 करोड़ कम हुई

मुंबई, एजेंसी

मार्केट कैप के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 7 की वैल्यू बीते हफ्ते के कारोबार में 2.05 लाख करोड़ रुपए घट गई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज यानी TCS की वैल्यू सबसे ज्यादा घटी है। TCS का मार्केट कैप 66,699 करोड़ रुपए घटकर 8.67 लाख करोड़ पर आ गया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की मार्केट वैल्यू 50,670 करोड़ घटकर 17.96 लाख करोड़ पर आ गई। HDFC बैंक की मार्केट वैल्यू 23,090 करोड़ बढ़कर 12.08 लाख करोड़ हो गई है।

वहीं LIC, भारतीय एयरटेल, ICICI बैंक और लार्सन एंड टुब्रो की वैल्यू भी घटी है। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बजाज फाइनेंस की वैल्यू बढ़ी है। पिछले हफ्ते सेंसेक्स




1,830 (2.33%) और निफ्टी 455 (1.87%) अंक गिरा था। वहीं बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 24 अप्रैल को सेंसेक्स 1000 अंक (1.29%) की गिरावट के साथ 76,664 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 275 अंक (1.14%) गिरकर 23,898 के स्तर पर आ गया था। मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96